भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद

वार्षिक प्रतिवेदन
1972-73

भारतीय लोक प्रशासन संस्थान, छात्रावास भवन,
इन्द्रप्रस्थ एस्टेट, रिंग रोड
नई दिल्ली-110001
1974

1974
350

प्रकाशन संख्या 48
मार्च, 1974
नि:शुल्क

भा० सा० वि० अ० प० के लिए श्री प्रेमसिंह, सहायक निदेशक (प्रकाशन)
द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित
राकेश प्रेस, दिल्ली में मुद्रित

प्रस्तावना

सामाजिक वैज्ञानिकों के शैक्षिक वर्ग के समक्ष भारतीय सामाजिक अनुसंधान परिषद की चौथी वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए मुझे अत्यधिक हर्ष का अनुभव हो रहा है। यह 1972-73 के वित्तीय वर्ष का विवरण है। इस अवधि में परिषद के चालू कार्यक्रमों का पर्याप्त विस्तार किया गया और कुछ नए कार्यक्रम शुरू किए गए।

सामाजिक विज्ञानों में अनुसंधान का सर्वेक्षण

इस योजना का शुभारंभ 1969-70 में हुआ था, और इसके अंतर्गत निर्धारित कार्यक्रमों का आधे से अधिक कार्य पूरा हो चुका है। इस वर्ष के अन्त तक भूगोल और मनोविज्ञान की अनुसंधान सर्वेक्षण रिपोर्टें प्रकाशित हो चुकी थीं। समाजशास्त्र और सामाजिक मानव विज्ञान का एक ग्रन्थ भी प्रकाशित कर दिया गया था। समाजशास्त्र और सामाजिक मानव विज्ञान के दो ग्रंथ, प्रबंध-व्यवस्था के दो ग्रंथ और लोक प्रशासन के दो ग्रंथ प्रकाशन के लिए प्रेस में भेज दिए गए हैं, जिनके आगामी वर्ष में प्रकाशित हो जाने की आशा है। अर्थशास्त्र, वाणिज्य, जनसांख्यिकी और राजनीतिशास्त्र और शासन के ग्रंथों का कार्य 1973-74 में शुरू किया जाएगा। इस वर्ष के अन्त तक इस योजना पर कुल व्यय 7.9 लाख रुपए हुआ।

अनुसंधान अनुदान

गत वर्षों की तरह इस वर्ष भी सामाजिक विज्ञानों में अनुसंधान कार्य के लिए वित्तीय-सहायता परिषद का सबसे महत्वपूर्ण कार्य रहा। आलोच्य वर्ष की प्रमुख उपलब्धियों का विवरण आगे दिया जा रहा है :

(1) **अनुसंधान परियोजनाएँ** : अनुसंधान परियोजनाओं के कुल 320 प्रस्ताव प्राप्त हुए थे जिनमें 104 परियोजनाओं को स्वीकृति

प्रदान की गई और इनके लिए 16.01 लाख रुपए के सहायता-अनुदान दिए गए। इस अवधि में परियोजना निदेशकों के छः क्षेत्रीय सम्मेलन नई दिल्ली, अहमदाबाद, हैदराबाद, पूना, कलकत्ता और लखनऊ में आयोजित किए गए।

(2) **अनुसंधान कार्यक्रम** : अनुसंधान कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए एक योजना तैयार की गई है। इस योजना के 1973-74 के दौरान शुरू किए जाने की आशा है।

(3) **शिक्षावृत्तियाँ** : डा० अशोक मित्रा को "व्यापार की शर्तें, क्लास-एलाइनमेंट और आर्थिक विकास के बीच संबंध" पर कार्य करने के लिए राष्ट्रीय शिक्षावृत्ति प्रदान की गई। छः वरिष्ठ अनुसंधान शिक्षावृत्तियाँ श्री ए० बागची, डा० (कुमारी) सरोजिनी बिसारिया, प्रो० जी० एस० शर्मा, प्रो० अशोक रुद्र, श्रीमती आर० ए० मेनन और डा० ए० आर० देसाई के लिए स्वीकृत की गई। डॉक्टरेट के आगे कार्य के लिए डा० (श्रीमती) प्रोमिला कपूर और डा० (श्रीमती) ज़रीना भट्टी को दो डाक्टरोत्तर शिक्षावृत्तियाँ स्वीकार की गईं। इसके अतिरिक्त इस वर्ष के दौरान 51 डॉक्टरेट उपाधि के लिए शिक्षा-वृत्तियाँ दी गईं। आलोच्य वर्ष के अंत तक परिषद ने 3 राष्ट्रीय शिक्षावृत्तियाँ, 24 वरिष्ठ शिक्षावृत्तियाँ, 5 डॉक्टरोत्तर शिक्षावृत्तियाँ और 75 डाक्टरेट उपाधि के लिए शिक्षावृत्तियाँ दीं।

(4) **आकस्मिक व्यय अनुदान** : डाक्टरेट उपाधि के लिए कार्य करने वाले 24 विद्यार्थियों को फील्ड में कार्य करने के लिए आकस्मिक व्यय की स्वीकृत प्रदान की गई है।

(5) **एशिया पर अनुसंधान** : इस वर्ष के दौरान परिषद ने एशिया पर अनुसंधान के कार्यक्रम को प्रोत्साहित करने के लिए प्रो० बोधायन चट्टोपाध्याय और डा० (श्रीमती) कल्याणी बन्धोपाध्याय को दो वरिष्ठ शिक्षावृत्तियाँ स्वीकृत कीं। इसके अतिरिक्त कार्यक्षेत्रों की यात्रा के लिए डा० वेदप्रताप वदिक, डा० मोहम्मद अयूब, डा० अनिरुद्ध गुप्ता और डा० (कुमारी) ए० के० वर्गीश को सहायता-अनुदान दिए गए। तीन विद्यार्थियों को डाक्टरेट की उपाधि के लिए शिक्षावृत्तियाँ और एक विद्यार्थी को क्षेत्र-कार्य के आकस्मिक व्यय की स्वीकृति दी गई।

(6) **गैर-एशियाई देशों पर अनुसंधान** : एशिया से बाहर के देशों पर अनुसंधान कार्य को प्रोत्साहित करने के परिषद के कार्यक्रम के

अन्तगत डा० वैद्यनाथ और डा० अमल एस० रे के लिए दो वरिष्ठ शिक्षावृत्तियाँ स्वीकृत की गई। इसके अतिरिक्त डाक्टरेट डिग्री के लिए चार शिक्षावृत्तियाँ भी स्वीकृत की गई।

(7) **भारत में कार्यरत विदेशी सामाजिक वैज्ञानिक** : इस वर्ष भारत में अनुसंधान कार्य करने के लिए चार विदेशी सामाजिक वैज्ञानिकों को वित्तीय सहायता प्रदान की गई। यह सहायता बंगला देश, मॉरिशस, सूडान और ईरान के सामाजिक वैज्ञानिकों को दी गई।

(8) **प्रकाशन अनुदान** : आलोच्य वर्ष में डाक्टरेट-उपाधि के लिए 89 शोध प्रबंधों को और परिषद की सहायता के बिना क्रियान्वित 16 ऐसी परियोजनाओं की अनुसंधान रिपोर्टों को प्रकाशन अनुदान दिए गए। इनके अतिरिक्त परिषद द्वारा प्रवर्तित 30 अनुसंधान रिपोर्टों को, 2 ग्रंथसूची की तरह के प्रकाशनों को और, एक विशेष मामले में, एक पत्रिका को प्रकाशन अनुदान की स्वीकृति दी गई।

(9) **अध्ययन अनुदान** : परिषद ने दिल्ली में तथा देश के विभिन्न भागों में 19 केन्द्रों के द्वारा इस योजना पर अमल किया। नई दिल्ली के केन्द्र में 33 विद्यार्थियों को अध्ययन अनुदान दिए गए।

(10) **अनुसंधान पद्धतिविज्ञान में प्रशिक्षण** : आलोच्य वर्ष में परिषद ने अनुसंधान-पद्धतिविज्ञान पर 10 प्रशिक्षण पाठ्यक्रम संगठित किए। इनमें से सात सामान्य पाठ्यक्रम बंबई, नई दिल्ली, त्रिवेन्द्रम, पटना, कानपुर, जयपुर और भुवनेश्वर में और तीन विशेष पाठ्यक्रम वाल्टेयर, गुजरात विश्वविद्यालय, अहमदाबाद और सरदार पटेल सामाजिक और आर्थिक अनुसंधान संस्थान, अहमदाबाद में संचालित किए गए। इन पाठ्यक्रमों में कुल 266 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिनमें से 156 ने सामान्य पाठ्यक्रम में और 110 ने विशेष पाठ्यक्रम में भाग लिया। इन पाठ्यक्रमों में अध्यापन के लिए सारे देश से विद्वान प्राध्यापकों का चयन किया गया जिनकी संख्या लगभग 95 थी।

प्रोत्साहनात्मक कार्य

प्रोत्साहन के क्षेत्र में इस वर्ष परिषद ने काफी बड़े पैमाने पर अपनी गतिविधियों का विस्तार किया। अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों पर अनुसंधान के कार्य को प्रोत्साहन देने में

पर्याप्त प्रगति हुई और विशेष रूप से अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लोगों में शिक्षा पर राष्ट्रव्यापी अध्ययन नामक परियोजना पर 26 अध्ययन-कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई। इन अध्ययन-कार्यों की प्रगति पर्याप्त संतोषजनक रही और इनके अगले साल पूरा हो जाने की संभावना है। इस साल मुसलमानों की समस्याओं के अध्ययन के लिए पाँच अनुसंधान परियोजनाएँ स्वीकार की गई हैं। इसी वर्ष के दौरान डाकुओं की समस्या पर भी अध्ययन कार्य शुरू किया गया। कानून और सामाजिक परिवर्तन के बारे में गठित सलाहकार समिति ने इस विषय पर विचारों को उत्प्रेरित करने के लिए एक विचारगोष्ठी आयोजित की। यह समिति सामाजिक विज्ञान और कानून के विभागों के सहयोग से एक अनुसंधान-कार्यक्रम आरंभ कर रही है। क्षेत्रीय अध्ययनों और अन्तर्राष्ट्रीय संबंधों के लिए बनाई गई सलाहकार समिति एशिया पर अनुसंधान के कार्यक्रम का विकास कर रही है और भारतीय और विशेषतः अन्य विकासमान देशों के सामाजिक वैज्ञानिकों के बीच व्यावसायिक संपर्क स्थापित करने का प्रयत्न कर रही है। परिषद ने स्त्रियों की स्थिति के संबंध में निर्मित राष्ट्रीय समिति के लिए भी कई अध्ययन-कार्य शुरू किए हैं।

आधार-सामग्री संग्रहालय, प्रलेखन, अनुसंधान-सूचना और प्रकाशन

आलोच्य वर्ष में आधार-सामग्री संग्रहालय, प्रलेखन और ग्रंथ-सूची सेवाओं की आधार-संरचना तैयार करने में पर्याप्त प्रगति हुई। इस वर्ष की प्रमुख उपलब्धियों में निम्नलिखित उल्लेखनीय हैं :—

(1) आधार-सामग्री संग्रहालय के विकास के कार्य में परिषद को सलाह देने के लिए एक विशेषज्ञ समिति की स्थापना की गई और दिल्ली में राष्ट्रीय आधार सामग्री संग्रह बनाने का कार्य शुरू करने के लिए कार्रवाई की गई।

(2) सामाजिक विज्ञान के क्रमिक प्रकाशनों के संघीय सूची-पत्र और महात्मा गांधी शताब्दी ग्रंथ-सूची के कार्य में पर्याप्त प्रगति हुई। इन ग्रंथों का प्रकाशन-कार्य अगले साल शुरू किया जाएगा।

(3) भारत में प्रकाशित होने वाली सामाजिक विज्ञान की पत्र-पत्रिकाओं के सर्वेक्षण का काम शुरू कर दिया गया है।

(4) नई दिल्ली के सामाजिक विज्ञान प्रलेखन केन्द्र में संग्रह पुस्तकालय और रिप्रोग्राफिक सेवाएँ शुरू करने की योजनाओं को अंतिम रूप दे दिया गया। इन दोनों सेवाओं के अगले वर्ष शुरू हो जाने की आशा है।

(5) कलकत्ता, हैदराबाद और बंबई में परिषद के क्षेत्रीय केन्द्र स्थापित किए गए जिन्होंने अपना कार्य शुरू कर दिया है।

(6) आलोच्य वर्ष में परिषद ने अपने पत्र 'न्यूज लेटर' और 'भा० सा० वि० अ० प० अनुसंधान सार' नामक त्रैमासिक पत्र का प्रकाशन जारी रखा। इसके अतिरिक्त, 'भारतीय शोध प्रबंध सार' नामक एक नया पत्र भी शुरू किया। इस पत्र में सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में भारतीय विश्वविद्यालयों द्वारा स्वीकृत डाक्टरेट डिग्री के शोध प्रबंधों के सारांश प्रकाशित किए जाते हैं।

(7) परिषद ने सामाजिक विज्ञान की प्रत्येक शाखा के लिए सार सेवाएँ शुरू करने का कार्यक्रम हाथ में लिया है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रकाशित होने वाला सबसे पहला पत्र 'भारतीय मनोवैज्ञानिक सार' है। भूगोल, समाज शास्त्र और सामाजिक मानवविज्ञान के सार प्रकाशित करने की भी व्यवस्था की गई है। अन्य शाखाओं से संबद्ध कार्य भी शुरू किया जा रहा है।

अन्य गतिविधियाँ :

आलोच्य वर्ष में परिषद की सिफारिशों पर 11 संस्थाओं को भारतीय आय कर अधिनियम, 1961, की धारा 35 (1) (iii) के अधीन आयकर से छूट दी गई।

परिषद ने आठ भारतीय सामाजिक वैज्ञानिकों को अपना अनुसंधान कार्य पूरा करने के लिए विदेश गमन के लिए विदेश यात्रा अनुदान स्वीकृत किया और विदेशों से निम्नलिखित पाँच सामाजिक वैज्ञानिकों को भारत में आने का निमंत्रण दिया : डा० ऐलेकडिक्सन, डा० मोहम्मद मोहसिन, डा० ईवान इलिच और प्रोफेसर सर क्लॉस मोजर।

परिषद ने सामाजिक रिपोर्ट के संकलन और सामाजिक सूचकों के निर्माण का विशेष कार्यक्रम शुरू किया जिसमें संतोषजनक प्रगति हुई। इस वर्ष के दौरान रहन-सहन के ढंग पर भी अध्ययन कार्य शुरू किया गया।

इस वर्ष में दो राष्ट्रीय विचारगोष्ठियाँ भी आयोजित की गईं। (1) सामाजिक विज्ञान और सामाजिक यथार्थ पर शिमला में और (2) सामाजिक परिवर्तन पर बंगलौर में एक-एक विचारगोष्ठी आयोजित की गई। दो क्षेत्रीय विचारगोष्ठियाँ मैसूर और पटना में की गईं। तीन स्थानीय संगोष्ठियों को भी सहायता प्रदान की गई। शिक्षा मंत्रालय के अनुरोध पर शिक्षा पर दो विचारगोष्ठियाँ नई दिल्ली और पटना में संगठित की गईं। इस वर्ष भी सामाजिक वैज्ञानिकों के व्यावसायिक संगठनों को वित्तीय सहायता देने का कार्यक्रम जारी रखा गया और नौ संस्थाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की गई।

प्रशासन तथा वित्त व्यवस्था

इस वर्ष के दौरान परिषद की चार बैठकें हुईं। भारत सरकार ने 1 अप्रैल 1972 से परिषद का पुनर्गठन किया। संशोधित नियमों के अन्तर्गत प्रतिवर्ष एक तिहाई सामाजिक वैज्ञानिकों के अवकाश ग्रहण करने की व्यवस्था है।

परिषद की गतिविधियों और कार्यक्रमों में वृद्धि के साथ-साथ आवश्यकतानुसार कर्मचारियों की संख्या में भी वृद्धि हुई। परिषद में योजना दल की स्थापना करने का एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया, जिसका उद्देश्य सामूहिक नेतृत्व की शुरूआत करना था। इस योजनादल में सदस्य-सचिव और वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे।

परिषद जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय का आभारी है क्योंकि वह परिषद के सभी भवनों के निर्माण के लिए विश्वविद्यालय क्षेत्र में भूमि देने पर सहमत हो गया है। आशा है कि परिषद के आवश्यक भवनों का निर्माण आगामी दो-तीन साल में पूरा हो जाएगा।

इस वर्ष के दौरान एक महत्वपूर्ण निर्णय चौथी योजना की अवधि में परिषद के कार्यों की समीक्षा करने तथा पांचवीं योजना के लिए सुझाव देने के लिए स्वतंत्र समिति नियुक्त करने का है। इस समिति के अध्यक्ष श्री एम० एस० आदिशेषैया हैं। उम्मीद है कि ये अपनी रिपोर्ट सितम्बर 1973 के अंत तक पेश कर देंगे।

परिषद भारत सरकार के प्रति विशेष रूप से कृतज्ञ है क्योंकि इस वर्ष के दौरान इसने परिषद को दी जाने वाली राशि बढ़ाकर 70 लाख रुपए कर दी। जिस कारण से परिषद अपनी गतिविधियों

और कार्यक्रमों को नई दिशा देने में समर्थ हुई है।

आभार प्रदर्शन :— यह परिषद के कार्यों का संक्षिप्त विवरण है। इसका विस्तृत विवरण आगे वार्षिक रिपोर्ट में दिया गया है। इस अवसर पर मैं सामाजिक वैज्ञानिकों के विद्वत् समाज, विश्व-विद्यालय अनुदान आयोग, विश्वविद्यालयों और अनुसंधान संस्थाओं के प्रति आभार प्रकट करना अपना कर्तव्य समझता हूँ जिनकी सहायता और सहयोग के बिना परिषद अपने कार्य को इतनी अधिक सफलतापूर्वक सम्पन्न नहीं कर सकता। मैं परिषद के कर्मचारी-वर्ग को भी उनकी कार्य के प्रति पूर्ण निष्ठा और अथक परिश्रम के लिए धन्यवाद देता हूँ।

नई दिल्ली
2 अक्तूबर, 1973

एम० एस० गोरे
अध्यक्ष, भारतीय सामाजिक विज्ञान
अनुसंधान परिषद



विषय-सूची

प्रस्तावना (iii)

अध्याय I : परिषद के कार्यक्रमों का परिचय 1-5

1. संगठन 1
2. उद्देश्य 2
3. मुख्य कार्य 2
4. कार्यक्रम 4

अध्याय II : सामाजिक विज्ञानों में अनुसंधान का सर्वेक्षण 6-8

अध्याय III : अनुसंधान परियोजनाएँ तथा कार्यक्रम 9-15

1. अनुसंधान परियोजनाएँ 9
2. अनुसंधान परियोजनाओं की प्रगति 10
3. परियोजना निदेशकों का सम्मेलन
4. स्वीकृत परियोजनाओं का वितरण 11-12
   (क) स्वीकृत परियोजनाओं का राज्यवार वितरण 11-12
   (ख) स्वीकृत परियोजनाओं का संस्थावार वितरण 12-14
   (ग) स्वीकृत परियोजनाओं का विषयवार वितरण 14
5. अनुसंधान कार्यक्रम 15

अध्याय IV : शिक्षावृत्तियाँ 16-25

1. शिक्षावृत्तियाँ पाने वाले सामाजिक वैज्ञानिक 17-30
   (क) भारत में अनुसंधानरत भारतीय सामाजिक वैज्ञानिक 17-20

(ख) एशियाई देशों में अनुसंधानरत भारतीय सामाजिक वैज्ञानिक 21-22
(ग) गैर एशियाई देशों पर कार्यरत भारतीय सामाजिक वैज्ञानिक 23-24
(घ) भारत में कार्यरत विदेशी सामाजिक वैज्ञानिक 6-(परिशिष्ट) 72-73 में प्रदान की गई डाक्टरी शिक्षावृत्तियाँ 24-25

अध्याय V : प्रकाशन-अनुदान 31-44

1. डाक्टरेट उपाधि के लिए शोध प्रबंध 31
2. पी-एच० डी० के शोध प्रबंधों के लिए स्वीकृत प्रकाशन अनुदान की सूची 32
   अनुसंधान रिपोर्ट के प्रकाशन के लिए अनुदान 32-39
   (क) परिषद की योजना से असंबद्ध अनुदान 39-41
   (ख) परिषद की योजना के अधीन दिए गए अनुदान 41-44
3. संदर्भ ग्रन्थ-सूची तथा प्रलेखन कार्य 44
4. अन्य अनुदान 44

अध्याय VI : अध्ययन अनुदान 45-50

अनुदान प्राप्त करने वाले अनुसंधान-क्षेत्रों और अनुसंधानकर्ताओं के विवरण
(क) परिषद के अनुसंधान को क्रियान्वित करने वाले क्षेत्रीय केन्द्रों की सूची 47
(ख) परिषद से 1972-73 में अध्ययन-अनुदान पाने वाले अनुसंधानकर्ताओं की सूची 48-50

अध्याय VII : अनुसंधान-पद्धति पर प्रशिक्षण 51-54

(क) सामान्य कार्यक्रम के अंतर्गत सामान्य पाठ्यक्रमों के विशिष्ट संचालन केन्द्र 51-53
(ख) विशिष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत विशिष्ट पाठ्यक्रमों के संचालन केन्द्र 53-54

अध्याय VIII : **प्रोत्साहक गतिविधियाँ** 55-76

1. कृषि, इंजीनियरी और चिकित्सा शिक्षा क्षेत्र में सामाजिक विज्ञान की स्थिति पर अध्ययन-दल 55
2. अनुसूचित जातियों की समस्याओं पर अनुसंधान 58
3. अनुसूचित जनजातियों की समस्याओं पर अनुसंधान 60
4. अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जन-जातियों में शिक्षा पर देशव्यापी अध्ययन 63
5. भारत में मुसलमानों की समस्या पर अनुसंधान 67
6. डाकुओं की समस्याओं पर अनुसंधान 70
7. क्षेत्रीय अध्ययन और अंतर्राष्ट्रीय संबंध 71
8. भारत में स्त्रियों की स्थिति का अध्ययन 72
9. कानून और सामाजिक परिवर्तन 74

अध्याय IX : **आधार-सामग्री संग्रहालय, प्रलेखन, अनुसंधान सूचना और प्रकाशन** 77-90

1. भारत में आधार-सामग्री संग्रहालय 77
2. प्रलेखन और ग्रंथ-सूची सेवाएँ 79
   (i) संघीय सूची-पत्र परियोजना 79
   (ii) पुस्तकालय 82
   (iii) थोक खरीद और वितरण 83
   (iv) गांधी शताब्दी संदर्भ-ग्रंथ-सूची 83
   (v) भारत में प्रकाशित होने वाली सामाजिक विज्ञान की पत्र-पत्रिकाओं की निदेशिका 84

भावी योजनाएँ 85

   (i) संग्रह-पुस्तकालय 85
   (ii) रिप्रोग्राफिक सेवा 86
3. क्षेत्रीय केन्द्र 86
4. अनुसंधान सूचना 87
5. विभिन्न शाखाओं में संक्षेपण सेवाएँ 87-88

6. भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा प्रकाशित अनुसंधान सार- त्रैमासिक 88
7. भारतीय शोध प्रबंधसार 88
8. अनुसंधान संस्था निदेशिका 88
9. भारत में सामाजिक वैज्ञानिकों के व्यावसायिक संगठनों की निदेशिका 88
10. परिषद के प्रकाशन 89
(i) न्यूज लैटर (त्रैमासिक) 89
(ii) निःशुल्क प्रकाशत 89
(iii) समूल्य प्रकाशन 90
11. प्रकाशन नीति 90

अध्याय X : अन्य गतिविधियाँ 91-104

1. परिषद की परामर्शदात्री भूमिका 91
2. विदेश यात्रा-अनुदान 92
3. भारत में आमंत्रित विदेशी सामाजिक वैज्ञानिक 94
4. सामाजिक रिपोर्ट, सामाजिक सूचक और रहन-सहन का तरीका 95
5. विचारगोष्ठियाँ 97
6. सामाजिक वैज्ञानिकों के व्यावसायिक संगठनों के लिए विकास अनुदान 102
7. पत्र-पत्रिकाओं के प्रकाशन के लिए वित्तीय सहायता 104

अध्याय XI : प्रशासन और वित्तव्यवस्था 105-108

1. परिषद का पुनर्गठन 105
2. बैठकें 105
3. कर्मचारी-वर्ग 105
4. योजना समिति 105
5. आवास 106
6. कर्मचारी क्लब 106
7. सहकारी बचत और उधार समिति 106
8. विदेशों में प्रतिनियुक्तियाँ 107

9. पुनरीक्षण समिति 108
10. बजट और लेखे 108

परिशिष्ट

I. परिषद और इसकी समितियाँ 109
II. स्थायी समितियों का संघटन 113
III. भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद का संगठनात्मक चार्ट 123
IV. भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद के कार्यालय के लिए स्वीकृत पदों की अनुसूची (31 मार्च, 1973) 125
V. भा० सा० वि० अ० परिषद का वरिष्ठ कर्मचारी-वर्ग 129
VI. प्राप्तियों और भुगतानों के लेखे 31-3-1973 के अन्त तक 131
VII. महालेखापाल का परिषद के 1971-72 के लेखों से संबद्ध पत्र 142
VIII. भा० सा० वि० अ० प० की परिसम्पत्ति का विवरण 144

I

परिषद् के कार्यक्रमों का परिचय

संगठन

1·01. भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद भारत सरकार द्वारा 1969 में स्थापित एक स्वायत्त संस्था है। परिषद के 26 सदस्य हैं : एक अध्यक्ष, 18 सामाजिक वैज्ञानिक, भारत सरकार के 6 प्रतिनिधि और एक सदस्य-सचिव। ये सभी भारत सरकार द्वारा नामित किए जाते हैं।

1·02. परिषद का कार्य कई सांविधिक समितियों के जरिए होता है। ये समितियाँ हैं : (क) अनुसंधान परियोजना समिति; (ख) प्रलेखन सेवा तथा अनुसंधान सूचना समिति; (ग) प्रशिक्षण समिति; (घ) योजना समिति; और (ङ) प्रशासनिक समिति।

सामाजिक विज्ञान की प्रत्येक शाखा के अंतर्गत अनुसंधान कार्य को विकसित करने के लिए परिषद को आवश्यक सलाह देने तथा परिषद और विशाल वैज्ञानिक समुदाय के बीच संपर्क स्थापित करने के उद्देश्य से सामाजिक विज्ञान की विभिन्न शाखाओं के लिए स्थायी समितियां भी स्थापित की गई हैं। अभी तक निम्नलिखित विषयों के लिए स्थायी समितियां स्थापित की जा चुकी हैं : (1) मानवविज्ञान (2) व्यवसाय, प्रशासन और प्रबंध (3) वाणिज्य (4) अर्थशास्त्र (5) भूगोल (6) राजनीतिशास्त्र (7) मनोविज्ञान (8) लोक प्रशासन और (9) समाज शास्त्र (जिसमें समाज कार्य तथा अपराध विज्ञान भी सम्मिलित हैं)। 31 मार्च 1973 को इन समितियों की सदस्यता का विवरण परिशिष्ट-1 में दिया गया है। इनके अलावा, विशेष कार्यक्रमों से संबद्ध परिषद की कई सलाहकार या विशेषज्ञ समितियाँ और कार्यदल हैं।

1·03. परिषद का एक छोटा-सा व्यावसायिक कर्मचारी वर्ग है जिसमें एक सदस्य-सचिव, 4 निदेशक और 4 उपनिदेशक हैं।

उद्देश्य

1·04. भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद का मुख्य उद्देश्य गुणवत्ता तथा मात्रा दोनों दृष्टियों से सामाजिक विज्ञानों में शोधकार्य को बढ़ावा देना तथा इसके उपयोग की सुविधा प्रदान कराना है। इस उद्देश्य से परिषद शोध-प्रतिभाओं का चयन कर उसे विकसित करने, अनुसंधान परियोजनाओं और कार्यक्रमों की सहायता करने, आवश्यक अवसंरचना का, जिसमें वितरण केन्द्र की सुविधा भी सम्मिलित है, निर्माण करने और सामाजिक वैज्ञानिकों की पेशेवर संस्थाओं के विकास में सहायता देने का प्रयास करता है।

1·05. परिषद ने 'सामाजिक विज्ञान' के अंतर्गत निम्नलिखित शाखाओं को सम्मिलित किया है : अर्थशास्त्र (जिसमें वाणिज्य भी शामिल है), शिक्षाशास्त्र, प्रबंधशास्त्र (जिसमें व्यवसाय प्रशासन भी शामिल है), राजनीतिशास्त्र (जिसमें अन्तर्राष्ट्रीय संबंध भी शामिल है), मनोविज्ञान, लोक प्रशासन और समाजशास्त्र (जिसमें अपराध-विज्ञान और सामाजिक कार्य भी शामिल हैं) इनके अतिरिक्त मानव-विज्ञान, जनसांख्यिकी, इतिहास, कानून और भाषाविज्ञान के सामाजिक विज्ञान विषयक पहलू भी सम्मिलित हैं।

मुख्य कार्य

1·06. परिषद का मुख्य कार्य अनुसंधान-कार्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से व्यक्तिगत सामाजिक वैज्ञानिकों के प्रयास को सहानुभूति तथा सूझबूझ के साथ प्रोत्साहित करना है। इस उद्देश्य से यह सामाजिक वैज्ञानिकों को अपनी अनुसंधान परियोजनाओं पर कार्य करने के लिए वित्तीय सहायता देता है, उन्हें शिक्षावृत्तियाँ प्रदान करता है और उन्हें अनुसंधान संबंधी अन्य सुविधाएँ प्रदान करता है। इनके अतिरिक्त परिषद मुख्यतः निम्नलिखित लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए सामाजिक विज्ञान संबंधी शोध कार्य को महत्वपूर्ण प्रोत्साहन देता है :

(1) विशेषतः युवा वर्ग के सामाजिक वैज्ञानिकों में शोध प्रतिभाओं की खोज करना, और प्रशिक्षण, प्रकाशन, अनुसंधान परियोजनाओं और कार्यक्रमों के लिए शिक्षावृत्ति तथा सहायतार्थ वित्तीय अनुदान देकर उनके इष्टतम

विकास का अवसर प्रदान करना;

(2) विद्वानों तथा योग्य संस्थाओं को सहायता देकर उत्कृष्ट अनुसंधान कार्यों को बढ़ावा देना;

(3) दूरस्थ प्रदेशों में काम करने वाले होनहार सामाजिक वैज्ञानिक को तथा देश के अपेक्षाकृत उपेक्षित प्रदेशों में किए जा रहे अनुसंधान-कार्यों के नए केन्द्रों को सहायता देकर अनुसंधान-कार्य को व्यापक रूप प्रदान करना;

(4) आवश्यक होने पर, सहयोगी अनुसंधान कार्यों की योजना तैयार करना तथा विभिन्न अनुसंधान केन्द्रों में कार्य कर रहे सक्षम विद्वानों को इन योजनाओं को अमल के लिए सौंपना;

(5) समय-समय पर सामाजिक विज्ञानों के विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे अनुसंधान कार्यों का सर्वेक्षण करना;

(6) ऐसे उपेक्षित क्षेत्रों का पता लगाना जहाँ अनुसंधान कार्य न हुआ हो तथा इन क्षेत्रों में अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयत्न करना; अनुसंधान में प्राथमिकता के संबंध में अनुकूल दृष्टिकोण अपनाना ताकि समय-समय पर आने वाली राष्ट्रीय समस्याओं के संदर्भ में सामाजिक विज्ञानी अधिक उद्देश्यपूर्ण भूमिका अदा कर सकें; और

(7) सामाजिक विज्ञानों में महत्वपूर्ण क्षेत्रों का पता लगाना तथा उनके विकास का प्रयत्न करना।

1·07. परिषद कुछ ऐसे कार्यक्रमों पर विशेष जोर देती है जो अन्यथा उपेक्षित रह जाते, उदाहरणार्थ सामाजिक विज्ञानों का अन्तर्शाखा अनुसंधान और तुलनात्मक अध्ययन; विभिन्न भाषा-भाषी क्षेत्रों के सामाजिक वैज्ञानिकों के बीच संपर्क स्थापित करने के उद्देश्य से अंतर्क्षेत्रीय सहयोग; सामाजिक विज्ञान अनुसंधान के कार्यकर्ताओं और प्रभोक्ताओं के बीच अधिक घनिष्ठ संबंध; और, विशेषकर एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमरीका के विकासशील देशों के बीच अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग।

1·08. परिषद भारत सरकार को सामाजिक विज्ञान से संबंधित ऐसे सभी मामलों पर सलाह देती है जो इसके पास समय-समय पर सलाह के लिए भेजे जाते हैं। विदेशी एजेन्सियों के सहयोग से कार्यान्वित होने वाली योजनाएँ भी इनमें सम्मिलित हैं। सामाजिक विज्ञान अनुसंधान की सहायता के लिए प्राप्त दान के संबंध में आयकर

से छुट प्रदान करने के लिए आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 35 के अंतर्गत परिषद को प्रमाण-पत्र जारी करने का अधिकार है।

कार्यक्रम

परिषद द्वारा प्रारंभ किए गए कुछ मुख्य कार्यक्रम इस प्रकार हैं :—

1. अनुसंधान सर्वेक्षण
2. अनुसंधान अनुदान :
   (1) अनुसंधान परियोजनाएँ तथा कार्यक्रम ;
   (2) शिक्षावृत्तियाँ ;
   (3) प्रकाशन अनुदान ;
   (4) अध्ययन-अनुदान ; और
   (5) अनुसंधान पद्धति में प्रशिक्षण।
3. विकास-कार्यक्रम:
   (1) कृषि, इंजीनियरी और चिकित्सा शिक्षा में सामाजिक विज्ञानों की स्थिति पर अध्ययन-दल;
   (2) अनुसूचित जातियों की समस्याओं पर अनुसंधान;
   (3) अनुसूचित जन जातियों की समस्याओं पर अनुसंधान;
   (4) अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों में शिक्षा के संबंध में राष्ट्रीय स्तर पर अध्ययन;
   (5) भारत में मुसलमानों की समस्याओं पर अनुसंधान;
   (6) डाकुओं की समस्याओं का अध्ययन ;
   (7) क्षेत्रीय अध्ययन और अन्तर्राष्ट्रीय संबंध;
   (8) भारत में स्त्रियों की स्थिति का अध्ययन ; और
   (9) कानून और सामाजिक परिवर्तन।
4. आधार सामग्री—संग्रहालय, प्रलेखन, अनुसंधान-सूचना और प्रकाशन :
   (1) आधार सामग्री—संग्रहालय;
   (2) प्रलेखन और संदर्भिका सेवा ;
   (3) अनुसंधान सूचना; और
   (4) परिषद के प्रकाशन।
5. अन्य कार्यक्रम :
   (1) परिषद का परामर्श-कार्य ;
   (2) भारतीय सामाजिक वैज्ञानिकों को विदेश यात्रा अनुदान ;

(3) भारतीय और विदेशी सामाजिक वैज्ञानिकों के बीच व्यावसायिक संपर्क ;

(4) सामाजिक रिपोर्ट, सामाजिक सूचक और रहन-सहन का तरीका ;

(5) विचार गोष्ठियाँ ; और

(6) सामाजिक वैज्ञानिकों के व्यवसाय-संगठनों को विकास-अनुदान ।

6. प्रशासन और वित्त :

(1) प्रशासन ;

(2) पुनरीक्षण समिति ; और

(3) बजट तथा लेखा ।

1·10. रिपोर्टाधीन वर्ष 1972-73 में इनमें से प्रत्येक कार्यक्रम के अंतर्गत जो प्रगति हुई उसका विवरण आगे के अध्यायों में दिया गया है ।

II

सामाजिक विज्ञानों में अनुसंधान का सर्वेक्षण

2·01. परिषद की स्थापना होने के शीघ्र बाद सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में हुए अनुसंधान कार्यों के सर्वेक्षण को एक प्रमुख परियोजना हाथ में ली गई। इस सर्वेक्षण का उद्देश्य अनुसंधान की प्रवृत्तियों का आकलन करना और उपेक्षित क्षेत्रों का पता लगाना था ताकि अनुसंधान के लिए सहायता प्रदान करने के लिए प्राथमिकताओं और नीतियों का निर्धारण किया जा सके।

2·02. इस परियोजना के लिए सामाजिक विज्ञान संबंधी समस्त अनुसंधान कार्य को निम्नलिखित 7 प्रमुख शीर्षों के अन्तर्गत वर्गीकृत किया गया :

(1) अर्थशास्त्र ; वाणिज्य और जनसांख्यिकी;
(2) राजनीतिशास्त्र और शासन ;
(3) लोकप्रशासन ;
(4) प्रबंध ;
(5) समाजशास्त्र और सामाजिक मानवविज्ञान ;
(6) मनोविज्ञान ; और
(7) आर्थिक, मानवी और राजनीतिक भूगोल।

2·03. इन सभी प्रमुख क्षेत्रों पर अध्ययन-कार्य करने के लिए सम्बद्ध शाखाओं के विशेषज्ञों की सलाहकार समितियाँ बनाई गईं। उनकी सलाह पर प्रत्येक प्रमुख शाखा के अनुसंधान-सर्वेक्षण को कई उप-क्षेत्रों में वर्गीकृत किया गया और प्रत्येक उप-क्षेत्र के विशेषज्ञ सामाजिक वैज्ञानकों से अनुरोध किया गया कि वे अपने विशिष्ट क्षेत्र में हुए अनुसंधान कार्यों का सर्वेक्षण करें।

2·04. यह परियोजना नवम्बर 1969 में शुरू की गई थी। उस समय यह विचार था कि समस्त कार्यक्रम मार्च 1973 तक समाप्त

हो जाएगा, परन्तु कई कठिनाइयों के कारण प्रकाशनों की प्रगति धीमी रही लेकिन अब आशा है कि यह परियोजना दिसम्बर 1974 तक पूरी हो जाएगी।

2·05. रिपोर्टाधीन वर्ष में तीन ग्रन्थ प्रकाशित किए गए (मानव-विज्ञान, भूगोल तथा समाजशास्त्र और सामाजिक मानव-विज्ञान; 3)। तीन और खण्ड मुद्रणाधीन थे (लोकप्रशासन, खण्ड-I; प्रबंध, खण्ड-1 ; और समाजशास्त्र और सामाजिक मानवविज्ञान, खंड 2 और 3)। 13 अन्य पुस्तकों का संपादन कर उन्हें अंतिम रूप प्रदान किया जा रहा था। वर्ष के अंत में समग्र स्थिति इस प्रकार रही :—

(1) अर्थशास्त्र, वाणिज्य, जनसांख्यिकी की अधिकांश रिपोर्टें पूर्ण रूप से प्राप्त हो चुकी हैं और उनका संपादन किया जा रहा है। इन्हें नवम्बर 1973 तक प्रेस में भेज दिया जाएगा और जून 1974 तक ये सभी प्रकाशित हो जाएगी।

(2) **राजनीति शास्त्र और शासन** : अर्थशास्त्र, वाणिज्य और जनसांख्यिकी की तुलना में इनकी स्थिति अधिक अनुकूल नहीं है। आशा है मार्च 1974 तक रिपोर्टें प्रेस में भेज दी जाएँगी और दिसम्बर 1974 तक ये सभी प्रकाशित हो जाएँगी।

(3) **लोक प्रशासन** : एक खंड प्रकाशित हो चुका है। दूसरे खंड की अधिकांश रिपोर्टें तैयार हैं और संपादित हो चुकी हैं। आशा है कि जून 1973 तक ये प्रेस में भेज दी जाएँगी और यह खंड दिसंबर 1973 तक प्रकाशित हो जाएगा।

(4) **प्रबंध** : सभी रिपोर्टें प्रेस में भेजी जा चुकी हैं और आशा है कि दोनों खंड दिसम्बर 1973 तक प्रकाशित हो जाएँगे।

(5) **समाजशास्त्र और सामाजिक मानवविज्ञान** : एक खंड प्रकाशित हो चुका है और बाकी दो खंडों की रिपोर्टें प्रेस में भेजी जा चुकी हैं। आशा है कि दिसम्बर 1973 तक सभी खंड प्रकाशित हो जाएँगे।

(6) **मनोविज्ञान** : यह पुस्तक प्रकाशित हो चुकी है।

(7) **आर्थिक, मानव और राजनीतिक भूगोल** : यह पुस्तक प्रकाशित हो चुकी है।

2·06. ये सभी रिपोर्टें 20 खंडों में प्रकाशित होंगी और प्रत्येक खंड 400, पृष्ठों का होगा। प्रकाशित होने पर यह प्रकाशन एक अत्यंत महत्वपूर्ण उपलब्धि होगा।

2·07. इस परियोजना पर अभी तक खर्च की गई राशि इस प्रकार है :

वर्ष	कुल वास्तविक खर्च
1969-70	1,96,263
1970-71	2,97,603
1971-72	2,19,285
1972-73	77,672
कुल	7,90,823

2·08. अनुसंधान-सर्वेक्षण की रिपोर्टों का प्रकाशन स्वीकृत शर्तों पर कुछ विशेष प्रकाशकों के द्वारा ही करवाया जा रहा है। रिपोर्टाधीन वर्ष के अंत में इस संबंध में स्थिति इस प्रकार है :

(i) **पॉपुलर प्रकाशन, बम्बई** : मनोविज्ञान, भूगोल, समाजशास्त्र और सामाजिक मानवविज्ञान और जनसांख्यिकी संबंधी रिपोर्टें।

(ii) **विकास प्रकाशन, दिल्ली** : प्रबंध संबंधी रिपोर्टें।

(iii) **एलाइड पब्लिशर्स, दिल्ली** : लोक प्रशासन और अर्थशास्त्र संबंधी रिपोर्टें।

2·09. राजनीति शास्त्र की सर्वेक्षण रिपोर्टों के संबंध में प्रकाशकों के बारे में अभी निर्णय नहीं लिया गया है।

III

अनुसंधान परियोजनाएँ तथा कार्यक्रम

(क) अनुसंधान परियोजनाएँ

3·01. स्वीकृत अनुसंधान प्रस्तावों को वित्तीय सहायता देना परिषद का एक अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है और परिषद के वार्षिक बजट का लगभग एक तिहाई अंश इसी मद पर खर्च होता है। नीचे प्राप्त आवेदन-पत्रों की संख्या, स्वीकृत प्रस्तावों की संख्या और उन पर होने वाले खर्चों का वर्षवार विवरण दिया जा रहा है :

वर्ष	प्राप्त आवेदन पत्रों की संख्या	स्वीकृत प्रस्तावों की संख्या	स्वीकृत अनुदान की राशि (लाख में)
1969-70 (1-8-69 से 31-3-70)	155	13	3.04 रु०
1970-71	300	74	9.33 रु०
1971-72	415	103	15.41 रु०
1972-73	320	104	16.01 रु०
	1190	294	43.79 रु०

3·02. इनके अतिरिक्त योजना आयोग के आर० पी० सी० से 45 प्रस्ताव स्थानान्तरित किए गए। इस प्रकार 31 मार्च 1973 तक कुल 339 अनुसंधान परियोजनाएँ स्वीकृत की गईं। 31 मार्च 1973 तक स्वीकृत समस्त अनुसंधान परियोजनाओं का संक्षिप्त विवरण पृथक रूप से एक पुस्तिका में प्रकाशित किया गया है।

अनुसंधान परियोजनाओं की प्रगति

3·03. 31 मार्च 1973 तक हुई 339 अनुसंधान परियोजनाओं की प्रगति का संक्षिप्त विवरण नीचे दिया जा रहा है :

(क) **योजना आयोग से स्थानांतरित परियोजनाएँ** : 45 परियोजनाओं में से परिषद ने 41 परियोजनाओं के अंतिम रिपोर्टें स्वीकार की हैं। 4 परियोजनाओं के संबंध में रिपोर्टें मिलनी अभी बाकी हैं।

(ख) 1969-70 **में स्वीकृत अनुसंधान परियोजनाएँ** : 13 स्वीकृत परियोजनाओं में से परिषद ने 11 परियोजनाओं के संबंध में अंतिम रिपोर्टें प्राप्त कर ली हैं। इनमें से परिषद ने 7 रिपोर्टें स्वीकार कर ली हैं; और 4 के संबंध में प्रारंभिक मसौदों की जांच और उनका संशोधन हो रहा है। शेष 2 परियोजनाओं के संबंध में रिपोर्टें मिलनी अभी बाकी हैं।

(ग) 1970-71 **में स्वीकृत अनुसंधान परियोजनाएँ** : 74 स्वीकृत परियोजनाओं में से परिषद ने 31 के संबंध में अंतिम रिपोर्टें प्राप्त कर ली हैं। इनमें से परिषद ने 17 रिपोर्टें स्वीकार कर ली हैं और 14 रिपोर्टों के प्रारंभिक मसौदे प्राप्त कर लिए हैं, जिनकी जाँच तथा संशोधन का कार्य इस समय हाथ में है। शेष 43 परियोजनाओं के संबंध में रिपोर्टें मिलनी अभी बाकी हैं।

(घ) 1971-72 **में स्वीकृत अनुसंधान परियोजनाएँ** : 103 स्वीकृत परियोजनाओं में से 10 के संबंध में परिषद को अंतिम रिपोर्टें प्राप्त हो चुकी हैं। इनमें से 3 रिपोर्टें परिषद ने स्वीकार कर ली हैं और 7 के प्रारंभिक मसौदे प्राप्त हो चुके हैं जिनकी जाँच और संशोधन का काम इस समय हाथ में है। शेष 93 परियोजनाओं के संबंध में रिपोर्टें मिलनी अभी बाकी हैं।

(ङ) 1972-73 **में स्वीकृत परियोजनाएँ** : 104 स्वीकृत परियोजनाओं में से केवल 2 की अंतिम रिपोर्टें परिषद को प्राप्त हुई हैं। शेष 102 के संबंध में रिपोर्टें मिलनी अभी बाकी हैं।

3·04. **परियोजना-निदेशकों का सम्मेलन** : 1 मार्च 1972 को जिन परियोजनाओं पर काम चालू था उनके निदेशकों के क्षेत्रीय सम्मेलन जुलाई-अगस्त-सितम्बर, 1972 में 6 केन्द्रों (नई दिल्ली, अहमदाबाद, हैदराबाद, पूना, कलकत्ता और लखनऊ) में किये गये। इन सम्मेलनों में 111, अर्थात् 62 प्र० श० परियोजना निदेशकों ने भाग लिया। इन सम्मेलनों का उद्देश्य परिषद के अधिकारियों तथा परियोजना निदेशकों

के बीच संपर्क स्थापित करना, उनकी परियोजनाओं की प्रगति और उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त करना, और विशेष रूप से अनुसंधान-अनुदान की वितरण पद्धति में सुधार के संबंध में और सामान्य रूप से देश में सामाजिक विज्ञान अनुसंधान के विकास के संबंध में, उनके सुझाव प्राप्त करना था। परिषद के अध्यक्ष ने दिल्ली के सम्मेलन को छोड़कर बाकी सभी सम्मेलनों में भाग लिया। दिल्ली के सम्मेलन में सदस्य-सचिव ने भाग लिया। परिषद के अधिकारियों में से एक निदेशक और एक उपनिदेशक ने भी सभी सम्मेलनों में भाग लिया।

स्वीकृत परियोजनाओं का राज्यवार, संस्थावार और विषयवार वितरण

3.5. नीचे की तालिका में स्वीकृत परियोजनाओं का राज्यवार, संस्थावार और विषयवार वितरण दर्शाया गया है :

तालिका 1

परियोजनाओं का राज्यवार वितरण

क्रम संख्या	राज्य का नाम	स्वीकृत परियोजनाओं की संख्या
1	2	3
1.	आंध्र प्रदेश	23
2.	असम	2
3.	बिहार	18
4.	चंडीगढ़	9
5.	दिल्ली	65
6.	गुजरात	27
7.	हिमाचल प्रदेश	1
8.	हरियाणा	6
9.	जम्मू और कश्मीर	2
10.	केरल	8
11.	मध्य प्रदेश	15
12.	महाराष्ट्र	40
13.	मणिपुर	2
14.	मैसूर	10

1	2	3
15.	उड़ीसा	5
16.	पंजाब	1
17.	राजस्थान	22
18.	तमिलनाडु	12
19.	उत्तर प्रदेश	48
20.	पश्चिम बंगाल	23
		339

तालिका 2

परियोजनाओं का संस्थावार वितरण

क्रम संख्या	संस्था का नाम	स्वीकृत परियोजनाओं की संख्या
1	2	3
1.	आन्ध्र विश्वविद्यालय, वाल्टेयर	6
2.	इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद	6
3.	अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़	5
4.	बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी	5
5.	बंगलौर विश्वविद्यालय, बंगलौर	2
6.	भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर	2
7.	बंबई विश्वविद्यालय, बंबई	8
8.	कलकत्ता विश्वविद्यालय, कलकत्ता	9
9.	दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली	26
10.	गुजरात विश्वविद्यालय, अहमदाबाद	6
11.	हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार	2
12.	जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली	15
13.	कल्याणी विश्वविद्यालय, कल्याणी	2
14.	कर्नाटक विश्वविद्यालय, धारवाड़	2
15.	काशी विद्यापीठ, वाराणसी	2

1	2	3
16.	केरल विश्वविद्यालय, त्रिवेन्द्रम	5
17.	कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र	3
18.	लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ	13
19.	एम० एस० विश्वविद्यालय, वड़ौदा	4
20.	मराठवाड़ा विश्वविद्यालय, औरंगाबाद	3
21.	मेरठ विश्वविद्यालय, मेरठ	2
22.	नागपुर विश्वविद्यालय, नागपुर	4
23.	उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद	9
24.	पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़	9
25.	पटना विश्वविद्यालय, पटना	5
26.	पूना विश्वविद्यालय, पूना	5
27.	राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर	15
28.	रांची विश्वविद्यालय, रांची	2
29.	रविशंकर विश्वविद्यालय, रायपुर	5
30.	सागर विश्वविद्यालय, सागर	6
31.	श्री वेंकेटेश्वर विश्वविद्यालय, तिरुपति	2
32.	उदयपुर विश्वविद्यालय, उदयपुर	2
33.	अन्य विश्वविद्यालय	19
34.	भारतीय टेक्नोलॉजी संस्थान, नई दिल्ली	1
35.	भारतीय टेक्नोलॉजी संस्थान, कानपुर	1
36.	एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कालेज ऑफ इण्डिया, हैदरावाद	4
37.	ए० एन० एस० सामाजिक अध्ययन संस्थान, पटना	6
38.	क्षेत्रीय विकास केन्द्र, सूरत	5
39.	विकासशील राष्ट्र अध्ययन केन्द्र, दिल्ली	5
40.	डेक्कन कालेज, स्नातकोत्तर और अनुसंधान संस्थान, पूना	3
41.	गांधी अध्ययन संस्थान, वाराणसी	8
42.	राजनीति और अर्थशास्त्र गोखले संस्थान, पूना	2
43.	इन्दौर क्रिश्चियन कालेज, इन्दौर	2
44.	भारतीय प्रबंध संस्थान, अहमदाबाद	5

1	2	3
45.	भारतीय प्रबंध संस्थान, कलकत्ता	3
46.	भारतीय लोक प्रशासन संस्थान, नई दिल्ली	3
47.	भारतीय सामाजिक विज्ञान विद्यालय, त्रिवेन्द्रम	2
48.	भारतीय सांख्यिकी संस्थान, कलकत्ता	2
49.	वित्तीय प्रबंध और अनुसंधान संस्थान, मद्रास	2
50.	सामाजिक विज्ञान संस्थान, आगरा	2
51.	मद्रास विकास अध्ययन केन्द्र, मद्रास	4
52.	म० भू० कालेज, उदयपुर	2
53.	राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रशासन और शिक्षा संस्थान, नई दिल्ली	2
54.	सरदार पटेल आर्थिक और सामाजिक अनुसंधान संस्थान, अहमदाबाद	4
55.	श्रीराम औद्योगिक संबंध और मानव साधन केन्द्र, नई दिल्ली	3
56.	टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान, बंबई	6
57.	विद्याभवन ग्रामीण संस्थान, जयपुर	2
58.	अन्य संस्थाएं	49

तालिका 3

परियोजनाओं का विषयवार वितरण

क्रम संख्या	विषय	परियोजनाओं की संख्या
1.	अर्थशास्त्र, वाणिज्य और जनसांख्यिकी	94
2.	राजनीतिशास्त्र और शासन	99
3.	समाजशास्त्र, सामाजिक और सांस्कृतिक मानवविज्ञान	102
4.	मनोविज्ञान और सामाजिक मनोविज्ञान	21
5.	प्रशासन और प्रबंध व्यवस्था	14
6.	मानव, आर्थिक और राजनीतिक भूगोल	5
7.	अन्य विषय	4

(ख) **अनुसंधान कार्यक्रम**

3.06. परिषद ने पाँचवीं पंचवर्षीय योजना में कुछ अनुसंधान कार्यक्रम विकसित करने का निर्णय किया है। एक अनुसंधान कार्यक्रम के अंतर्गत किसी महत्वपूर्ण तथा संगत केंद्रीय विषय पर अध्ययनों की एक शृंखला शुरू की जाएगी जिसकी अवधि तीन से पाँच वर्ष तक होगी। कुछ विशेष संस्थाओं तथा विश्वविद्यालय विभागों के जरिए इन कार्यक्रमों को विकसित करने का विचार है। आशा है कि इन कार्यक्रमों के अंतर्गत किए गए अनुसंधान सामाजिक विज्ञान संबंधी अनुसंधान को नीति प्रतिपादन प्रक्रिया से संबद्ध करने और देश की गंभीर समस्याओं का निदान ढूंढने में अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होंगे। कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने और अनुसंधान की सुदृढ़ परंपरा का निर्माण करने में भी ये अत्यंत उपयोगी सिद्ध होंगे। ये कार्यक्रम शाखागत तथा अन्तर्शाखागत दोनों होंगे।

3.07 विश्वविद्यालय के विभागों तथा अनुसंधान संस्थाओं के सामाजिक वैज्ञानिकों से अनुरोध किया गया कि वे (क) राष्ट्रीय महत्व और उपयोग के ऐसे महत्वपूर्ण विषयों की सूचना दें जिन पर पाँचवीं पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत अनुसंधान कार्य किया जा सके और (ख) ऐसे सामाजिक वैज्ञानिकों और संस्थाओं की सूचना दें जो उनकी राय में इन विषयों पर अनुसंधान-कार्य हाथ में लेने में समर्थ हों। जहाँ आवश्यक है वहां परिषद स्वयं सामाजिक वैज्ञानिकों से संपर्क स्थापित कर उनसे अनुरोध कर रही है कि वे राष्ट्रीय महत्व का कोई कार्यक्रम प्रवर्तित करें।

3.08. आशा है कि परिषद 1973-74 में कम से कम कुछ अनुसंधान कार्यक्रमों को स्वीकृति प्रदान करने में सफल होगी।

IV

शिक्षावृत्तियाँ

4·01. भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुदान परिषद अनुदान योजना, 1972, के अधीन परिषद ने निम्नलिखित प्रकार की शिक्षा-वृत्तियाँ शुरू कीं :

(1) राष्ट्रीय शिक्षावृत्तियाँ,
(2) वरिष्ठ शिक्षावृत्तियाँ,
(3) डाक्टरोत्तर शिक्षावृत्तियाँ और
(4) डाक्टोरल शिक्षावृत्तियाँ

इनके अतिरिक्त, इस योजना के अंतर्गत डाक्टरेट की उपाधि के लिए कार्य कर रहे छात्रों को (जिन्हें शिक्षावृत्ति नहीं मिलती) फुट-कर अनुदान देने की भी व्यवस्था है, जिसकी राशि देश में स्थित विद्यार्थियों के लिए अधिकतम 3,000 रुपए और विदेश में स्थित विद्यार्थियों के लिए अधिकतम 5,000 रुपए है।

4·02. परिषद ये शिक्षावृत्तियाँ निम्नलिखित व्यक्तियों को प्रदान करता है :

(1) भारत में अनुसंधान कर रहे भारतीय सामाजिक वैज्ञानिक।
(2) एशियाई देशों में कार्य कर रहे भारतीय सामाजिक वैज्ञानिक।
(3) एशिया से बाहर कार्य कर रहे भारतीय सामाजिक वैज्ञानिक और
(4) भारत में कार्य कर रहे विदेशी सामाजिक वैज्ञानिक।

4·03. रिपोर्टाधीन वर्ष में जो विभिन्न प्रकार की शिक्षावृत्तियाँ और फुटकर अनुदान स्वीकृत किए गए उनका विवरण आगे दिया जा रहा है।

(1) भारत में अनुसंधान कर रहे भारतीय सामाजिक वैज्ञानिक

(क) राष्ट्रीय शिक्षावृत्तियाँ

4·04. डा० अशोक मित्रा को "व्यापार की शर्तें, क्लास-एलाइन-मेन्ट और आर्थिक विकास के बीच संबंध" पर कार्य करने के लिए राष्ट्रीय शिक्षावृत्ति प्रदान की गई। उन्होंने 16 जुलाई 1972 से कार्य शुरू कर दिया है और वे एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कालेज ऑफ इंडिया, कलकत्ता से संबद्ध हैं।

4·05. इससे पूर्व स्वीकृत दो राष्ट्रीय शिक्षावृत्तियों को शामिल कर वर्ष के अंत में राष्ट्रीय शिक्षावृत्तियों की कुल संख्या तीन थी।

(ख) वरिष्ठ शिक्षावृत्तियाँ

4·06. निम्नलिखित विद्वानों को छह वरिष्ठ शिक्षावृत्तियाँ प्रदान की गई :

(1) श्री ए० बागची ने, जिन्हें "सामाजिक न्याय के उपकरण के रूप में भारत में आयपरक कर व्यवस्था" विषय पर कार्य करने के लिए 1971-72 में शिक्षावृत्ति प्रदान की गई थी, उन्होंने 1 फरवरी 1973 से कार्य प्रारम्भ किया और वे जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली में कार्य कर रहे हैं।

(2) डा० (कुमारी) सरोजनी विसारिया को, जो "जम्मू और कश्मीर के गुज्जर" विषय पर भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, शिमला में कार्य कर रही हैं यह शिक्षावृत्ति दी गई, जो 1 मार्च 1972 से शुरू हुई थीं, दो वर्ष के लिए है।

(3) प्रो० जी० एस० शर्मा, जो "भारत में विधिशास्त्र" विषय पर राजस्थान विश्वविद्यालय में कार्य करेंगे। उन्होंने अभी कार्य प्रारंभ नहीं किया है।

(4) प्रो० अशोक रुद्र, जो "कृषि में रोजगार और बेरोजगारी" विषय पर कार्य करेंगे। उन्होंने अभी कार्य आरम्भ नहीं किया है।

(5) श्रीमती आर० के० मेनन, जो "उत्पादन की एशियाई प्रणाली" विषय पर कार्य करेंगी। उन्होंने अभी कार्य प्रारंभ नहीं किया है।

(6) डा० ए० आर० देसाई, जो "भारतीय समाज का बहुमुखी विकास" विषय पर बंबई विश्वविद्यालय में कार्य करेंगे।

उन्होंने अभी कार्य प्रारंभ नहीं किया है ।

4·07. पिछले वर्ष प्रदान की गई 10 शिक्षावृत्तियों को शामिल कर इस वर्ष के अंत तक इस वर्ग के अन्तर्गत शिक्षावृत्तियों की कुल संख्या 16 होती है । इनमें से एक छात्र ने अपना कार्य पूरा कर लिया है और परिषद को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है । दूसरे छात्र ने विश्वविद्यालय में नियुक्त हो जाने के कारण शिक्षावृत्ति से इस्तीफा दे दिया है, परन्तु जिस परियोजना के लिए उन्हें शिक्षावृत्ति दी गई थी उस पर उन्होंने काम जारी रखा है, अन्य शिक्षावृत्तियाँ इस समय चालू हैं ।

(ग) डाक्टरोत्तर शिक्षावृत्तियाँ

4·08. निम्नलिखित अनुसंधानकर्ताओं को डाक्टोत्तर शिक्षावृत्तियाँ प्रदान की गई :

(1) डा० (श्रीमती) प्रमिला कपूर ने, जिन्हें 1971-72 में डाक्टरोत्तर शिक्षावृत्ति प्रदान की गई थी, 1972-73 से कार्य आरंभ कर दिया है । वे "सैनिक कर्मचारियों के व्यावसायिक पैटर्न का उनके पारिवारिक जीवन और संबंधों पर प्रभाव" विषय पर कार्य कर रही हैं । वे सीधे परिषद से अपनी शिक्षावृत्ति प्राप्त करती हैं ।

(2) डा० (श्रीमती) जरीना भट्टी, जो जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में "आर्थिक शक्तियाँ और सामाजिक परिवर्तन : एक मुस्लिम गाँव का अध्ययन" विषय पर कार्य कर रही हैं । यह शिक्षावृत्ति जो 7 जनवरी 1973 से प्रारम्भ होती है, दो वर्ष के लिए है ।

4·09. इन शिक्षावृत्तियों को शामिल करके वर्ष के अंत में डाक्टोत्तर शिक्षावृत्तियों की कुल संख्या 5 थी, ये सभी इस समय चालू हैं ।

(घ) डाक्टरेट की उपाधि के लिए

4.10 रिपोर्टाधीन वर्ष में डॉक्टरेट की उपाधि के लिए 51 शिक्षावृत्तियाँ प्रदान की गईं । इन छात्रों के नाम, उनके अनुसंधान के विषय और संबद्ध संस्थाओं का विवरण इस अध्याय के अंत में परिशिष्ट में दिया गया है ।

4·11. पिछले वर्ष डॉक्टरेट की उपाधि के लिए प्रदान की गई 17 शिक्षावृत्तियों को शामिल कर, इस वर्ष के अंत में इस वर्ग की

शिक्षावृत्तियों की कुल संख्या 68 थी। इनमें से 4 छात्रों ने अपना अनुसंधान कार्य पूरा करने से पहले ही काम छोड़ दिया।

फुटकर अनुदान

4.12 डॉक्टरेट की उपाधि के लिए निम्नलिखित छात्रों को जिन्हें छात्रवृत्ति नहीं मिली थी, फुटकर अनुदान स्वीकृत किया गया

1. श्री हिरण्मयदास (जादवपुर विश्वविद्यालय)—पश्चिमी बंगाल के ग्रामीण इलाकों में कृषि तथा रोजगार संभाव्यताओं में तकनीकी परिवर्तन का समन्वय—2,000 रु० (क्षेत्रीय कार्य)

2. श्री पी० वी० एस० तोमर (जीवाजी विश्वविद्यालय)—चंबल घाटी के लंबे अरसे के कैदियों की पारिवारिक समस्या—1,000 रु०

3. श्री सी० एस० बरला (जीवाजी विश्वविद्यालय)—कृषि ऋणों के लाभ और उपयोग-लागत—2,000 रु०

4. श्री शिवशंकर सिंह (बनारस हिंदू विश्वविद्यालय)—कृषि-ऋणों का पुनर्गठन विशेषत: वाराणसी जिले के चन्दौली ब्लॉक के संदर्भ में—2,800 रु० (क्षेत्रीय कार्य)

5. श्रीमती इन्दिरा राजारमण (दिल्ली विश्वविद्यालय)—पंजाब और हरियाणा के ग्रामीण क्षेत्रों में रहन-सहन के स्तर—3,000 रु०।

6. श्रीमती कलारानी (राँची विश्वविद्यालय)—नौकरीपेशा स्त्रियों में भूमिका-संघर्ष—1125 रु०

7. श्री आर० एस० राजपुर (सामाजिक विकास परिषद, नई दिल्ली)—चौथी लोकसभा : निवेश और निर्गत के संदर्भ में इसकी संरचना और प्रक्रिया का आनुभविक अध्ययन—2,000 रु०

8. श्री नूर मोहम्मद (अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय)—कानपुर में गंदी बस्तियों की संस्कृति और परिवर्तित व्यवहार—1,000 रु०

9. श्री बी० ए० पंड्या (गोरखपुर विश्वविद्यालय)—ग्रामीण और शहरी युवकों की आकांक्षाओं और मूल्यों का तुलनात्मक अध्ययन—2,000 रु०

10. कु० मंजु गुप्ता (आंध्र विश्वविद्यालय)—जलयान-निर्माण उद्योग में औद्योगिक संबंध—2,000 रु०

11. श्री वाई० रंगाराव (आंध्र विश्वविद्यालय)—भारत में जल-यान-निर्माण उद्योग में लागत—2,000 रु०

12. श्री गोविंद नाथ चौधरी (राँची विश्वविद्यालय)—रांची के औद्योगिक इलाके के आसपास के जनजातीय गाँवों में सामाजिक और साँस्कृतिक प्रभाव—1,000 रु०

13. प्रो० अजमा अहमद (पटना विश्वविद्यालय)—कॉलेज छात्रों के मूल्यों का अध्ययन—830 रु०

14. श्री ई० एस० वी० घोष (इलाहाबाद विश्वविद्यालय)—भारतीय बालकों में राष्ट्रीय मनोवृत्ति का विकास—1,650 रु०

15. श्री महेशपाल सिंह (मेरठ विश्वविद्यालय)—हिमालय की यमुना घाटियों में आबादी और बस्ती की वितरण प्रणाली—1,500 रु० (क्षेत्रीय कार्य)

16. श्री हरीचन्द शर्मा (आगरा विश्वविद्यालय)—ग्रामीण नेतृत्व में व्यक्तित्व का तत्व और अन्य मनोवैज्ञानिक विविधता—1,800 रु०

17. श्री सी० एस० जॉस (कोचीन विश्वविद्यालय)—प्रमुख भारतीय मसालों की समस्याओं और संभाव्यताओं का अध्ययन—3,000 रु० (क्षेत्रीय कार्य)

18. श्री परेश चन्द्र रॉय चौधरी (कलकत्ता विश्वविद्यालय)—बंगरगाह और गोदी मजदूरों में शराब का प्रचलन और परिवार-विघटन—3,000 रु० (क्षेत्रीय कार्य)

19. श्री आर० के० बाजपेयी (मेरठ विश्वविद्यालय)—समयपूर्ण सामाजिक वंचन का रीसस वानर के सामाजिक और भावात्मक व्यवहार पर प्रभाव—3,000 रु०

20. श्री गोपाल मेहदी (गोहाटी विश्वविद्यालय)—'जिरकंदाम में शिक्षा'—3,000 रु०

21. श्री० जे० एन० मुकर्जी—बिहार की औद्योगिक संरचना—500 रु०

22. श्री सी० जे० पांडे (नागपुर विश्वविद्यालय)—संज्ञानात्मक शैलियों और व्यक्तित्व चरों का मनोमितिक अध्ययन—1,700 रु०

23. श्रीमती अरुणा एन मिची (मिचिगन स्टेट विश्वविद्यालय, मिचिगन, अमरीका)—ग्रामीण भारत में आर्थिक परिवर्तन और राजनीतिक मनोवृत्ति—2,000 रु०

24. श्री मुमताज अली खाँ (भारतीय टेक्नोलॉजी संस्थान, कानपुर)—अनुसूचित जातियाँ और उनकी स्थिति—340 रु०

(2) एशिया में कार्यरत भारतीय सामाजिक वैज्ञानिक

क. वरिष्ठ शिक्षावृत्ति

4.13 निम्नलिखित दो विद्वानों को वरिष्ठ शिक्षावृत्तियाँ प्रदान की गईं :—

(1) प्रोफेसर बोधायन चट्टोपाध्याय, "दक्षिण और पूर्व एशिया में संरचनात्मक द्वित्व (डुएलिज्म) के अंतर्गत आर्थिक विकास : 1950-1970" विषय पर जवाहरलाल नेहरू विश्व-विद्यालय में 1 मार्च 1973 से दो वर्ष के लिए कार्य कर रहे हैं।

(2) डा० (श्रीमती) कल्याणी बन्धोपाध्याय, "लोकगणतंत्र चीन और भारत का कृषि विकास : एक तुलनात्मक अध्ययन" विषय पर जादवपुर विश्वविद्यालय में काम कर रही हैं। यह शिक्षावृत्ति दो वर्ष की अवधि की है और यह अवधि उस तारीख से प्रारंभ होगी, जब से वे इस पर कार्य शुरू करेंगी।

4.14. पिछले वर्ष की चार शिक्षावृत्तियों को शामिल करके, रिपोर्टाधीन वर्ष के अंत में इस वर्ग की शिक्षावृत्तियों की कुल संख्या 6 थी। इनमें से एक शिक्षावृत्ति 15 जुलाई 1972 को पूरी हो गई थी लेकिन छात्र से अंतिम रिपोर्ट मिलनी बाकी है।

4.15. परिषद ने इस वर्ष निम्नलिखित भारतीय सामाजिक विज्ञानियों को अपनी परियोजनाओं के लिए सामग्री एकत्र करने के निमित्त विभिन्न देशों के दौरे के लिए सहायक अनुदान दिए।

(1) हस्तिनापुर कालेज, दिल्ली के डा० वेद प्रताप वैदिक को अपनी परियोजना "अफगानिस्तान की विदेश नीति के नए उपकरण" के लिए अफगानिस्तान के क्षेत्रीय दौरे के लिए (3,825 रु०)

(2) जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के डा० मोहम्मद अयूब को अपनी परियोजना "अफगानिस्तान और पख्तूनिस्तान की समस्याएँ : आंतरिक मजबूरियां और सामरिक महत्व" के लिए अफगानिस्तान के क्षेत्रीय दौरे के लिए (3,825 रु०)

(3) अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन विद्यालय, जवाहरलाल नेहरू विश्व-विद्यालय, दिल्ली के डा० अनिरुद्ध गुप्ता को अपनी परि-

योजना 'जाम्बिया में राजनीति 1964-72" के सिलसिले में जाम्बिया के क्षेत्रीय दौरे के लिए (18,300 रु०) ।

(4) डा० (कुमारी) एस० के० वर्गीज को "भारत इण्डोनेशिया व्यापार और आर्थिक सहयोग की समृद्धि" के सिलसिले में इण्डोनेशिया और सिंगापुर के क्षेत्रीय दौरे के लिए (10,811 रु०) दिए गए ।

ख. डाक्टरी शिक्षावृत्तियाँ

4·16. इस वर्ष निम्नलिखित तीन छात्रों को डॉक्टरी शिक्षा-वृत्तियों की स्वीकृति प्रदान की गई :

(1) मनमोहन मट्टू को दक्षिण-पूर्व एशिया के संदर्भ में फिलिपीन्स की विदेश नीति, 1961-69, पर कार्य करने के लिए एक शिक्षावृत्ति प्रदान की जो 1 जून 1972 से प्रारंभ हुई । यह एक वर्ष की अवधि के लिए है ।

(2) दिलीप चंद्र को "इंडोनेशियाई राजनीति में इस्लामी राजनीतिक दल" पर कार्य करने के लिए शिक्षावृत्ति दी गई जो 14 अक्टूबर 1972 से प्रारंभ हुई, एक साल की अवधि के लिए है ।

(3) कलीम बहादुर को "पाकिस्तान का जमाइत-इस्लामी : राजनीतिक दर्शन और राजनीतिक कार्रवाई" पर कार्य करने के लिए शिक्षावृत्ति दी गई जो 1 दिसम्बर 1972 से प्रारंभ हुई । यह एक वर्ष की अवधि के लिए है ।

4·17. पिछले वर्ष की एक शिक्षावृत्ति को शामिल कर, इस वर्ष के अंत तक इस वर्ग की शिक्षावृत्तियों की कुल संख्या 4 थी । इनमें से एक शिक्षावृत्ति, जिसको 27 नवंबर 1972 को समाप्त हो जाना था, एक वर्ष के लिए और बढ़ा दी गई है ।

फुटकर अनुदान

4·18. अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के मोहम्मद इक़बाल को अपनी डाक्टरी परियोजना "ईरान का औद्योगिक विकास—उपलब्धियों और असफलताओं का मूल्यांकन" के सिलसिले में ईरान का क्षेत्रीय दौरा करने के लिए 5,000 रु० का फुटकर अनुदान प्रदान किया गया ।

(3) गैर-ऐशियाई देशों पर कार्यरत भारतीय सामाजिक वैज्ञानिक

क. वरिष्ठ शिक्षावृत्तियाँ

4·19. निम्नलिखित दो विद्वानों को वरिष्ठ शिक्षावृत्तियाँ प्रदान की गई :

(1) डा० आर० वैद्यनाथ जो जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में "रूस में संघ-गणतंत्र संबंध 1917-67" पर कार्य कर रहे हैं। यह शिक्षावृत्ति, जो 21 अगस्त 1972 से प्रारंभ होती है, तीन वर्ष की अवधि के लिए है।

(2) डा० अमल एस० रे, जो जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में "नए राज्यों में संघवाद : भारत, मलयेशिया और नाइजीरिया" पर कार्य कर रहे हैं। यह शिक्षावृत्ति, जो 1 नवम्बर 1972 से प्रारंभ होती है, दो वर्ष की अवधि के लिए है।

4·20. पिछले वर्ष प्रदान की गई एक शिक्षावृत्ति को शामिल कर इस वर्ष की शिक्षावृत्तियों की कुल संख्या तीन होती है। विश्वविद्यालय में नियुक्ति हो जाने के कारण इनमें से एक छात्र ने शिक्षावृत्ति से इस्तीफा दे दिया लेकिन जिस परियोजना के लिए उन्हें शिक्षावृत्ति दी गई थी उस पर उनका कार्य जारी है।

ख. डाक्टरी शिक्षावृत्तियाँ

4·21. निम्नलिखित चार विद्वानों को डॉक्टरी शिक्षावृत्तियाँ प्रदान की गई :

(1) श्री अशोक मोदक को "रूस द्वारा भारत को विदेशी सहायता, 1947-67" पर कार्य करने के लिए शिक्षावृत्ति दी गई, जो 1 मार्च 1972 से प्रारंभ हुई थी। यह एक वर्ष के लिए थी, लेकिन उन्होंने अब इस कार्य से इस्तीफा दे दिया है।

(2) श्री अमूल्य प्रसाद शर्मा को "इजराइल और तृतीय विश्व : इजराइल की विदेश नीति का अध्ययन" पर कार्य करने के लिए शिक्षावृत्ति प्रदान की गई, जो 19 जून 1972 से प्रारंभ होती है और दो वर्ष की अवधि के लिए है।

(3) श्रीमती हीरा भोजानी को "लाओस के संदर्भ में संयुक्त राज्य अमरीका की विदेश नीति, 1954-68" पर कार्य करने के लिए शिक्षावृत्ति दी गई है जो 7 जून 1972 से प्रारंभ होती है और दो वर्ष की अवधि के लिए है।

(4) श्री प्रेम मोहन शर्मा को "संयुक्त राष्ट्र में शांति-स्थापना के कार्यों में महासभा की भूमिका 1950-60" यह शिक्षा-वृत्ति, जो 12 जनवरी 1973 से प्रारंभ होती है, नौ महीने की अवधि के लिए है।

4·22. पिछले वर्ष प्रदान की गई दो शिक्षावृत्तियों को शामिल कर इस वर्ष के अंत तक इस वर्ग की शिक्षावृत्तियों की संख्या 6 थी। ये सभी शिक्षावृत्तियाँ इस समय चालू हैं।

4·23. भारतीय सामाजिक विज्ञानियों के संदर्भ में 31 मार्च 1973 तक शिक्षावृत्ति-कार्यक्रम की प्रगति नीचे की तालिका में दिखाई जा रही है :

क्रम संख्या	शिक्षावृत्ति का वर्ग	प्रदान की गई शिक्षावृत्तियाँ			
		1970-71	71-72	72-73	कुल
1.	राष्ट्रीय शिक्षावृत्तियाँ	—	2	1	3
2.	वरिष्ठ शिक्षावृत्तियाँ	—	14	10	24
3.	डॉक्टरोत्तर शिक्षावृत्तियाँ	—	3	2	5
4.	डॉक्टरी शिक्षावृत्तियाँ	—	17	58	75

(4) भारत में कार्यरत विदेशी सामाजिक वैज्ञानिक

4·24. विशेष रूप से एशियाई और अफ्रीकी देशों के विदेशी सामाजिक वैज्ञानिकों को भारत में अनुसंधान करने के लिए अनुदान प्रदान करना परिषद की एक नीति है। 31 मार्च 1973 तक निम्न-लिखित चार शिक्षावृत्तियाँ प्रदान की गईं :

(1) डा० नजमल अबेदिन (बॉगाल देश) ने "संसदीय संस्थाओं में नई प्रवृत्तियाँ" विषय पर सांविधानिक और संसदीय अध्ययन संस्था, नई दिल्ली में 11 नवंबर 1972 से तीन महीने तक कार्य किया।

(2) कृष्णलाल कुंजन (मारीशस) ने "मारीशस जैसे बहुजातीय समाज में एकदलीय प्रणाली की प्रभावशालिता या प्रभाव-

हीनता" विषय पर सांविधानिक और संसदीय संस्थान, नई दिल्ली में तीन महीने तक कार्य किया।

(3) डा० अब्दुल रहमान मदानी हसन (सूडान) ने "तमिलनाडु में कपास की खेती" विषय पर मद्रास विकास अध्ययन संस्थान में तीन महीने तक कार्य किया।

(4) इरानी नागरिक श्री महमूद साल्वी को एक डॉक्टरी शिक्षावृत्ति प्रदान की गई। वे "डेवेलपमेंट ऑफ सुपर-वाइजरी प्रैक्टिसेज टेस्ट" विषय पर इलाहाबाद विश्व-विद्यालय में कार्य कर रहे हैं।

परिशिष्ट

1972-73 में प्रदान की गई डाक्टरी शिक्षावृत्तियाँ

1. सुब्रमण्यन्शर्मादेवी रामलिंगम—कृषि विकास-पैटर्न का अध्ययन और तमिलनाडु के आर्थिक विकास के साथ इसका संबंध—तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय, कोयंबटूर

2. विष्णुकांत पुरोहित—राजस्थान के कुछ विशिष्ट उद्योगों में मजदूरी आंदोलन और श्रमिक-उत्पादिता—राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

3. मदन मोहन बत्रा—कृषि मूल्य परिवर्तन और उत्पादन पर उसका प्रभाव—दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

4. ई० शेषाद्रि शास्त्री—भारत की कुछ मार्ग परिवहन संस्थाओं के वास्तविक और वित्तीय निष्पादन—उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद

5. अरुणा राय—मुद्रीकरण और कृषि विकास—जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली

6. महादेवी रमन—तमिल पूंजीपति वर्ग और जमींदारी, विदेशी पूंजी और गैर-तमिल पूंजीपति के बीच विकासमान संबंधों का अध्ययन, 1870-1929—जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली

7. राधाकृष्ण पिल्लै—पूंजी निर्माण और कृषि—जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली

8. कलानिधि सुभाराव—भारतीय कृषि में बाजार-संरचना—दिल्ली विश्वविद्याय दिल्ली

9. जीवन के० मुकर्जी—शहरी पश्चिमी बंगाल के लिए गृह-निर्माण नीति के कुछ पहलू—कलकत्ता विश्वविद्यालय, कलकत्ता।

10. के० विजयवाणी—उत्पादन कार्य और प्रतिस्थापन की नम्यता—आंध्र विश्वविद्यालय, वाल्टेयर

11. हरविन्दर वर्क—हिमाचल प्रदेश के कृषि विकास की योजना और प्रशासन—पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़

12. चंदनलाल जोशी—सामन्तशाही का राजनीति—1948 के बाद स्वातन्त्र्योत्तर राजस्थान की सामंतवादी शक्तियों की संरचना और भूमिका का अध्ययन—उदयपुर विश्वविद्यालय, उदयपुर

13. हीरा सिंह—भारतीय राजनीति में सामन्तवाद का ह्रास और नई शक्तियों का उदय—दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

14. सुखदेव नंदा—उड़ीसा की संयुक्त राजनीति—बरहामपुर विश्वविद्यालय, बरहामपुर

15. कृष्णा रानी झा—राष्ट्रीय आंदोलन में एक क्रांतिकारी खंड का राजनीतिक और सैद्धांतिक विकास—जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली

16. नलिनी चोपड़ा—भारत में विकल्प के रूप में साम्यवादी आंदोलन की स्थिति—जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली

17. पांडव नायक—उड़ीसा के गांव का राजनीतिक चित्रण—एक सूक्ष्म अध्ययन—बरहामपुर विश्वविद्यालय, बरहामपुर

18. रक्षा कौल—हिंद महासागर क्षेत्र के विशेष संदर्भ में अणु (न्यूक्लियर) मुक्त क्षेत्र—जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली

19. निलंजन कविराज—तटस्थता : एक नीति का विकास—जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली

20. नीला जोशी—स्वास्थ्य और रोग में सांस्कृतिक तत्व : एक भारतीय शहर में चिकित्सा का समाज शास्त्रीय अध्ययन—सागर विश्वविद्यालय, सागर

21. कलथिल मारथ्यू—टेक्नोलॉजी और अर्थ-व्यवस्था के संदर्भ में दिल्ली और उसके आसपास के औद्योगिक एककों के कर्मचारियों का समाजशास्त्रीय विश्लेषण—दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

22. एम० डी० चन्द्रिका—नायर विवाह और परिवार—सागर विश्वविद्यालय, सागर

23. सुरजानसिंह शर्मा—सातत्य, असातत्य और प्रतिस्थापन और कार्य : एक ग्रामीण इलाके के उच्च पदासीन व्यक्ति—मेरठ विश्वविद्यालय, मेरठ

24. सुधा गोगटे—बंबई में क्षेत्रीयता : एक क्षेत्रीय आंदोलन का प्रारंभ—पूना विश्वविद्यालय, पूना

25. मंजु मोगरा—राजस्थान की औद्योगिक संस्थाओं में एक जन-जातीय इलाके की श्रमिक स्त्रियों का अध्ययन—उदयपुर विश्व-विद्यालय, उदयपुर

26. राजेन्द्र सरकार—जनजातीय समाज में भूमि सुधार और भूमि-अपहरण—लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

27. शिवानी रॉय—मुस्लिम स्त्रियों का स्थान और निर्णय-अधिकार—दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

28. सुशीला साँवल—एक कुमाऊँ गाँव का समाजशास्त्रीय अध्ययन : इसका ग्रामीण जीवन और इसके मूल्य—दिल्ली विश्व-विद्यालय, दिल्ली

29. वेदप्रकाश—दक्षिण बिहार के मैदान में केन्द्रीय स्थान और स्थानिक पारस्परिक क्रिया—गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

30. कल्पना घोषाल—मुर्शिदाबाद के कुटीर तथा लघु उद्योग धंधों का भौगोलिक वितरण और उनकी संभावनाएँ—कलकत्ता विश्वविद्यालय, कलकत्ता

5.	गुजरात	डा० आई० पी० देसाई	,,
6.	गुजरात	डा० बी० वी० शाह	,,
7.	हरियाणा	डा० के० डी० गंगरादे	विद्यालय और महाविद्यालय
8.	केरल	डा० पी० के० बी० नायर	माध्यमिक विद्यालय
9.	केरल	श्री ई० आई० जॉर्ज	,,

1	2	3	4
10.	महाराष्ट्र	डा० टी० एन० वलुजूंआर	माध्यमिक विद्यालय
11.	महाराष्ट्र	डा० (श्रीमती) सुमा चिटनिस	महाविद्यालय के विद्यार्थी
12.	मैसूर	डा० सी० पर्वतम्मा	,,
13.	मैसूर	प्रो० सी० राजगोपालन	,,
14.	मध्य प्रदेश	प्रो० टी० वी० नायक	,,
15.	मध्य प्रदेश	डा० ए० पी० सिन्हा	,,
16.	मणिपुर	डा० जी० काबुई	महाविद्यालय और माध्यमिक विद्यालय
17.	उड़ीसा	प्रो० रथ	माध्यमिक विद्यालय
18.	उड़ीसा	डा० के० महापात्र	महाविद्यालय के विद्यार्थी
19.	पंजाब	श्री पी० एन० पंपले	,,
20.	राजस्थान	डा० एस० के० लाल	माध्यमिक विद्यालय
21.	राजस्थान	डा० टी० पी० सिंह	,,
22.	तमिलनाडु	डा० एम० एस० आदिशेषैया	माध्यमिक विद्यालय और महाविद्यालय
23.	पश्चिमी उत्तर प्रदेश	प्रो० बी० आर० चौहान	माध्यमिक विद्यालय
24.	पश्चिमी उत्तर प्रदेश	डा० बी० डी० सोनी	महाविद्यालय के विद्यार्थी
25.	पूर्वी उत्तर प्रदेश	श्री एस० के० गोयल	,,
26.	पूर्वी उत्तर प्रदेश	डा० टी० पी० सिंह	माध्यमिक विद्यालय

5. भारत में मुसलमानों की समस्याओं के संबंध में अनुसंधान

8·36. परिषद ने भारत में मुसलमानों की समस्याओं के संबंध में अनुसंधान के लिए एक सलाहकार समिति बनाई है। मार्च 1973 को इस समिति में निम्नलिखित सदस्य थे :

1. प्रो० रशीदुद्दीन खान (अध्यक्ष)
2. डा० पी० एन० मसलदान

3. डा० ए० एम० ख़सरो
4. डा० मंज़ूर आलम
5. डा० अनवर मोअज्जम
6. श्री० डी० आर० गोयल
7. प्रो० एस० सी० मिश्र
8. प्रो० एम० मकबूल अहमद
9. डा० एस० टी० लोखंडवाला
10. डा० गोपाल कृष्ण
11. श्री जे० पी० नायक (सदस्य-सचिव)

8·37. 29 मार्च 1973 को आयोजित बैठक में समिति ने प्रो० ए० एम० ख़सरो और डा० गोपाल कृष्ण द्वारा हाथ में ली गई "वक्फ की निधियों का आर्थिक विश्लेषण" और "भारतीय मुसलमानों की सामाजिक गतिशीलता" नामक दो प्रमुख परियोजनाओं पर किए गए कार्य की समीक्षा की। इनमें से प्रथम परियोजना के संबंध में यह सुझाव दिया गया कि विभिन्न मुस्लिम देशों में वक्फ की कार्य-प्रणाली पर एक टिप्पणी तैयार की जाए और वक्फ अधिनियमों की बंबई धर्मार्थ न्यास अधिनियम और मद्रास हिंदु धर्मार्थ-अक्षयनिधि अधिनियम से तुलना की जाए। इन सुझावों के आधार पर प्रो० ख़ुसरो से, समिति के और आगे विचार के लिए एक नोट प्रस्तुत करने की प्रार्थना की गई। डा० गोपाल कृष्ण ने जिस परियोजना पर काम किया था उसके लिए संकलित सामग्री को, देश के विभिन्न भागों के अनुसंधानकर्ताओं के उपयोग के लिए टेप कर दिया जाएगा। यह सामग्री और भारत के महापंजीयक से प्राप्त होने वाली सामग्री भारतीय मुसलमानों की सामाजिक स्थिति को समझने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

8·38. समिति ने गहन अध्ययन के तीन क्षेत्रों का निर्धारण किया। ये हैं—(1) वक्फ का अध्ययन (2) मुसलमानों का अपने क्षेत्रीय पर्यावरणों में अध्ययन और (3) भारत में राजनीति के धर्मनिरपेक्षीकरण के संदर्भ में मुसलमानों का अध्ययन। समिति ने इन तीनों क्षेत्रों के लिए एक-एक उपसमिति का गठन आवश्यक समझा। अनंतिम रूप से तीन उप-समितियों का गठन निम्न प्रकार किया गया :

1. वक्फ की निधियों का विश्लेषण—प्रो० ए० एम० ख़ुसरो

(संयोजक), डा० लोखण्डवाला और प्रो० एस० ए० एच० हक्की, डा० ए० वी० शेख

(2) विभिन्न क्षेत्रीय पर्यावरणों में मुसलमानों का अध्ययन—प्रो० मंजूर आलम (संयोजक), प्रो० एस० सी० मिश्र, श्री डी० आर० गोयल और डा० अनवर मोअज्जम

(3) भारतीय राजनीति के धर्मनिरपेक्षीकरण के संदर्भ में मुसलमानों का अध्ययन—श्री डी० आर० गोयल (संयोजक), प्रो० पी० एन० मसलदान, प्रो० मकबूल अहमद और डा० गोपाल कृष्ण।

8·39. समिति ने यह भी निर्णय लिया कि हैदराबाद में किसी समय नवंबर 1973 में भारत में रहने वाले मुसलमानों की समस्याओं पर अनुसंधान के लिए एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाए। यह उपसमिति इस गोष्ठी में भाग लेने के लिए ऐसे विद्वानों का चयन करे जो शिक्षा, पत्रकारिता और सिविल सेवा से संबद्ध हों।

8·40. भारत में मुसलमानों की समस्याओं पर अब तक नीचे दिए कुछ विषयों पर अनुसंधान कार्य हो चुका है :

(i) मराठवाड़ा विश्वविद्यालय, औरंगाबाद के मोइन शकीर ने आजादी के बाद की अवधि में भारत में रहने वाले मुसलमानों के विषय में अंग्रेजी में लिखे गये लेखों का सर्वेक्षण किया जिनमें मुसलमानों के विषय में प्रमुख समस्याओं पर विचार किया गया है ;

(ii) इसी प्रकार का एक सर्वेक्षण उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद के प्रो० अनवर मोअज्जम ने आजादी के बाद के समय में उर्दू भाषा में लिखित लेखों पर किया ;

(iii) प्रमुख पुस्तकालयों में उपलब्ध अनुसंधान-सामग्री की एक ग्रंथ-सूची तैयार की जा रही है ; और

(iv) मुसलमानों के संबंध में 1971 की जनगणना के आँकड़ों को संकलित करने का कार्यक्रम भी शुरू कर दिया गया है।

8·41. विचाराधीन वर्ष में परिषद ने मुसलमानों की समस्याओं से संबंधित निम्नलिखित अनुसंधान-प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान कर दी है :

1. 1957 से 1967 के बीच की अवधि में हिन्दु-मुसलमानों के पूर्वग्रहों का विश्लेषण—प्रो० एच० सी० गांगुली, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

2. भारत में सूफी मुसलमानों का आर्थिक व सामाजिक जीवन दर्शन—डा० ए० एम० खुसरो, आर्थिक वृद्धि संस्थान, दिल्ली

3. 1971-72 की अवधि में हिन्दु-मुसलमानों के पूर्वग्रहों का विश्लेषण—प्रो० एच० सी० गांगुली, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

4. जम्मू और काश्मीर में वक्फों के प्रशासन का सामाजिक और वैज्ञानिक अध्ययन—डा० एस० के० रशीद, विधि संकाय, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़

5. अल्पसंख्यकों के शैक्षिक और सांस्कृतिक अधिकार—भारत में न्यायिक प्रवृत्तियों के सामाजिक प्रभावों का अध्ययन—डा० जी० एस० शर्मा, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

6. डाकुओं की समस्याओं का अध्ययन

8·42. सन् 1972 में मध्य प्रदेश में लगभग 400 डाकुओं ने अपने आपको कानून और व्यवस्था के हवाले कर दिया और उन्होंने कानूनी सजा को भोगने तथा फिर से शांतिपूर्ण जीवन बिताने का फैसला किया। परिषद ने यह आवश्यक समझा कि वह डाकुओं द्वारा आत्म-समर्पण की इस महान् घटना तथा उनके गैरकानूनी ढंग से जीवन-यापन की पद्धति को छोड़ने के पीछे निहित कारणों और उनके मानसिक विचारों का अध्ययन करे। इस प्रकार इस समस्या की तह तक पहुँचने के लिए और इसके संबंध में अनुसंधान के कार्यक्रम संगठित करने के लिए निम्नलिखित सदस्यों की एक समिति बनाई गई।

1. प्रो० श्यामा चरण दुबे (**अध्यक्ष**)
2. प्रो० योगेन्द्र सिंह
3. प्रो० डी० पी० जातार
4. डा० योगेश अटल (**सदस्य-सचिव**)

8·43. इस समिति ने सिद्धान्त रूप में डाकू समस्या के निम्नलिखित पहलुओं का अध्ययन करने का निर्णय लिया :—

(क) मध्य प्रदेश के डाकुओं की मनोसामाजिक पृष्ठभूमि और उनमें गिरोह बनाने की गतिशीलता ;

(ख) डाकुओं की डाकुओं के संबंध में धारणा ;

(ग) डाकुओं के व्यक्तित्व-गठन का गहन अध्ययन तथा आत्म-समर्पण करने वाले और बंदी बनाए गए डाकुओं की तुलना ;

(घ) आत्मसमर्पण करने के निर्णय के क्षण की गहराई का अध्ययन तथा जिन कारणों से डाकुओं ने आत्मसमर्पण किया, उनकी जाँच ;

(ङ) विचलन और अनुरूपता के समाज वैज्ञानिक ढांचे में सिद्धान्त रूप से अनुकूलित अध्ययन ; और

(च) डाकुओं के पुनर्वास की समस्याओं और प्रक्रिया के संबंध में समस्यामूलक अध्ययन

8·44. समिति की सिफारिशों पर प्रो० डी० पी० जातार, अपराध विज्ञान और न्याय वैद्यक विज्ञान विभाग, सागर विश्वविद्यालय की मध्य प्रदेश में डाकुओं की समस्या पर प्रारंभिक प्रबंध तैयार करने की एक अनुसंधान परियोजना स्वीकार की गई।

7. क्षेत्रीय अध्ययन और अन्तर्राष्ट्रीय संबंध

8·45. समीक्षाधीन वर्ष के दौरान क्षेत्रीय अध्ययन और अन्तर्राष्ट्रीय संबंधों के विशेष कार्यक्रम में पर्याप्त प्रगति हुई। एशियाई अनुसंधान के लिए गठित सलाहकार समिति ने एक कार्ययोजना तैयार की जिसे परिषद ने स्वीकृति प्रदान कर दी है।

8·46. परिषद की अन्य विकासशील समुद्रपारीय देशों के सामाजिक वैज्ञानिकों और भारतीय सामाजिक वैज्ञानिकों के बीच व्यावसायिक संपर्कों को प्रोत्साहित करने में विशेष रुचि है। परिषद ने इस संपर्क के क्षेत्र को और अधिक बढ़ाने के प्रश्न पर विचार करना शुरू कर दिया है।

8·47. मोटे तौर पर, परिषद ने क्षेत्रीय अध्ययन और अन्तर्राष्ट्रीय संबंधों के उद्देश्यों को निम्न प्रकार निर्धारित किया है। इनमें मुख्य रूप से शैक्षिक विकास का प्रोत्साहन, आर्थिक सहयोग, राजनयिक संबंध, प्रशिक्षित कार्मिकों का नियोजन और अन्तर्राष्ट्रीय अवबोध सम्मिलित किए गए हैं। अपनी इस योजना में वर्तमान और भावी विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत दक्षिण एवं दक्षिण पूर्वी एशिया, चीन, जापान और पश्चिमी एशिया पर अनुसंधान के कार्य को सबसे अधिक प्राथमिकता दी गई है। इसके साथ ही एशिया में बड़े देशों की भूमिका को अत्यधिक प्राथमिकता का विषय माना है।

8·48. इस कार्यक्रम के एक भाग के रूप में भारतीय सामाजिक

विज्ञान अनुसंधान परिषद ने एशियाई मामलों के अध्ययन के लिए एक भारतीय पत्रिका प्रकाशित करने का भी निर्णय लिया है।

8·49. इस कार्यक्रम के अधीन परिषद ने अब तक 8 वरिष्ठ शिक्षावृत्तियों, 3 अनुसंधान परियोजनाओं और 8 डाक्टरेट डिग्री की शिक्षावृत्तियों तथा 8 सामाजिक वैज्ञानिकों और अनुसंधान छात्रों को विदेशों में क्षेत्र कार्य के लिए यात्रा-अनुदानों की स्वीकृति दी है।

8. भारत में स्त्रियों की स्थिति का अध्ययन

8·50. भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद की अनुसंधान परियोजना समिति, स्त्रियों की स्थिति के बारे में गठित राष्ट्रीय समिति की सहायता के लिए स्त्रियों की स्थिति से संबंधित अध्ययन गोष्ठियाँ शुरू करने पर सहमत है। राष्ट्रीय समिति ने कई कृतिक दल (टास्क फोर्स) स्थापित किए हैं जो स्त्रियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उन पर किए जाने वाले अध्ययनों की सिफारिश करते हैं।

8·51. समीक्षाधीन वर्ष के अन्त तक निम्नलिखित विषयों पर अध्ययन शुरू किए गए हैं। इनमें से जो तारांकित अध्ययन हैं उन पर विद्वानों द्वारा कार्य पूरा कर लिया गया है और अब वे उन-उन विषयों के कृतिकदलों के विचाराधीन है।

सामाचार पत्रों और पत्र-पत्रिकाओं में विषय-वस्तु का गुणात्मक विश्लेषण

(1) हिन्दी	श्री गणेश मंत्री और श्रीमती वीणा दास
(2) गुजराती	श्रीमती हर्षिदा पंडित
(3) मराठी	श्रीमती सुधा गोगटे
(4) तेलुगु	डा० सी० लक्ष्मण
(5) कन्नड़	श्री सी० राजगोपालन
(6) मलयालम	श्री पी० के० बी० नायर
(7) तमिल	श्रीमती सुनंदा पटवर्धन
(8) बंगला	कु० बेल्ला दत्ता गुप्ता
(9) उड़िया	प्रो० प्रभात नलिनी दास
(10) उर्दू	डा० (कु०) जोहरा सैयदैन

(1) प्राचीन, मध्यकालीन और आधुनिक भारत में स्त्रियों की सामाजिक स्थिति के ऐतिहासिक विकास का अध्ययन—श्रीमती नीरा देसाई

(2) सगोत्रता और विवाह-संबंध पर अध्ययन—श्रीमती वीणा दास

(3) स्त्रियों की भूमिका और अभिवृत्ति (रुख)—श्रीमती नीरा देसाई

(4) परिवार और घरबार का अध्ययन—श्री टी० एन० मदान

(5) जनजातीय स्त्रियों की सामाजिक और अन्य समस्याएँ—भारतीय मानवशास्त्र सर्वेक्षण

(6) मातृवंशिक समाजों में स्त्रियों की स्थिति—श्रीमती लीला दुबे

(7) **विभिन्न धर्मों में महिलाओं का स्वरूप**

(1) हिन्दुधर्म	श्रीमती प्रभाती मुखर्जी
(2) इस्लाम	प्रो० एस० टी० लोखंडवाला
(3) बौद्ध धर्म	डा० प्रताप चंद्र
(4) ईसाइयत (कैथोलिक)	डा० मैबल फोन्सेका
(5) ईसाइयत (गैर-कैथोलिक)	श्रीमती पी० गोरे
(6) जैन धर्म	डा० ए० एन० उपाध्याय
(7) सिख धर्म	प्रो० जी० एस० तलकीब
(8) जोरो-आस्ट्रिअन धर्म	श्री ए० जे० दस्तूर
(9) वीर शैवमत	श्रीमती लीला मुल्लादी

(8) **विभिन्न विषयों में महिलाओं की स्थिति**

(1) आत्महत्या	ज्योत्स्ना शाह
(2) वेश्यावृत्ति	कु० मीना दीक्षित और प्रो० एस० डी० पुणेकर
(3) परिवार नियोजन	कमला गोपाल रवि
(4) दहेज	श्रीमती रलिया राम
(9) स्त्री अध्यापिकाएँ	श्रीमती करुणा अमहद
(10) चिकित्सा कार्मिक स्त्रियाँ	कु० एस० के० शेखों

(11)	फैक्ट्री श्रमिक स्त्रियाँ	डा० पद्मिनी सेन गुप्ता
(12)	कृषि श्रमिक स्त्रियाँ	श्रीमती रामा जे० जोशी
(13)	दफ्तरों में काम करने वाली स्त्रियाँ	डा० प्रोमिला कपूर
(14)	असामान्य व्यवसायों में कार्यरत स्त्रियाँ	डा० प्रोमिला कपूर
(15)	ठेके पर और (अनियत मजदूर) स्त्रियाँ	डा० पद्मिनी सेन गुप्ता
(16)	स्त्रियों के लिए सामाजिक और संरक्षी कानून	,,
(17)	जूट उद्योग में स्त्रियाँ	,,
(18)	श्रमिक स्त्री परम्पराएँ और रीति-रिवाज तथा उनका उत्पादिता पर अप्रत्यक्ष प्रभाव	,,
(19)	बागान और खानों में काम करने वाली स्त्रियाँ	डा० प्रोमिला कपूर
(20)	श्रमिक संघों में स्त्रियाँ	,,
(21)	संसद में स्त्री-सदस्याएँ	डा० एस० सरस्वती
(22)	भारत के राजनीतिक जीवन में स्त्रियाँ	,,
(23)	कुछ विशिष्ट देशों में स्त्रियों की स्थिति	श्रीमती उर्मिल सबनिस और कु० इन्द्रा मिलानी

9. कानून एवं सामाजिक परिवर्तन

8·52. इस अन्तरनुशासनिक क्षेत्र में अनुसंधान कार्य को प्रोत्साहन देने के लिए परिषद ने एक सलाहकार समिति स्थापित की है। इस समिति के निम्नलिखित सदस्य हैं :

1. न्यायमूर्ति वी० आर० कृष्ण अय्यर (अध्यक्ष)
2. डा० जी० एस० शर्मा
3. डा० इन्द्रदेव
4. श्री आर० के० मिश्र
5. प्रो० योगेन्द्र सिंह
6. डा० के० के० सिंह

7. प्रो० के० चंद्रशेखरराव
8. डा० वी० एस० व्यास
9. प्रो० लोतिका सरकार
10. प्रो० ए० टी० मारकोस
11. डा० टी० के० बनर्जी
12. डा० एन० आर० माधव मेनन
13. डा० एल० एम० सिंघवी
14. श्री जे० पी० नायक (सदस्य-सचिव)

8·53. समिति परिषद को कानून और सामाजिक परिवर्तन के क्षेत्र में अनुसंधान के कार्य को प्रोत्साहन देने के लिए उपायों और साधनों के बारे में सलाह देती है। यह समिति समाजी-कानूनी अध्ययन के महत्व का ज्ञान कराने तथा वकीलों और सामाजिक वैज्ञानिकों के बीच संबंध स्थापित कराने का भी प्रयत्न करती है।

8·54. समिति का सुझाव है कि (i) कानून के अध्ययन में सामाजिक विज्ञान के पाठ्यक्रमों का भी समावेश किया जाए; (ii) कुछ अतिथि प्राध्यापक-पदों की स्थापना की जानी चाहिए ताकि कुछ प्रतिष्ठित सामाजिक वैज्ञानिकों को कानून के विभिन्न विभागों में व्याख्यानमाला प्रसारित करने के लिए भेजा जाए; (iii) कानून के स्नातकों और अध्यापकों के लिए अनुसंधान-रीति-विज्ञान के विशिष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाए; और (iv) वकालत का पेशा करने वाले वकीलों और न्यायाधीशों तथा कानून के प्राध्यापकों को अनुसंधान परियोजनाएँ हाथ में लेने तथा उन पर ध्यान केन्द्रित करने का प्रोत्साहन देने के लिए कुछ शिक्षा-वृत्तियाँ शुरू की जाएँ।

8·55. समिति ने कुछ ऐसे विषयों का भी सुझाव दिया है जिन पर कानून और सामाजिक परिवर्तन के क्षेत्र में प्राथमिकता के आधार पर अनुसंधान का कार्य किया जाए। समिति ने ऐसे सामाजिक वैज्ञानिकों और संस्थाओं या विश्वविद्यालयों का निर्धारण भी कर लिया है जो कानून और सामाजिक परिवर्तन के विभिन्न पहलुओं पर अनुसंधान-कार्य कर सकेंगे। समिति के सुझाव के आधार पर अनुसंधान-कार्यों को बढ़ावा देने के लिए एक कार्यक्रम आरंभ किया जा रहा है।

8·56. समिति ने आगे यह भी सुझाव दिया है कि सामाजिक वैज्ञानिकों और कानून के प्राध्यापकों या विद्वानों को अपनी महत्व-पूर्ण एवं सामान्य समस्याओं पर विचार करने के लिए एक सामान्य मंच पर लाना चाहिए। इस संबंध में 'परिवार कानून' और 'पंचायती न्याय' विषयों को 1973 में विचार के लिए चुना गया था।

8·57. ऊपर दी गई सिफारिशों को कार्यान्वित करने के लिए कार्रवाई की जा चुकी है।

8·58. समिति के प्रयास से मार्च 1973 में कानून और सामाजिक परिवर्तन पर विचार-गोष्ठी का आयोजन किया गया था। न्याया-धीशों, वकीलों, कानून के अध्यापकों और सामाजिक वैज्ञानिकों के बीच विचारों के आदान-प्रदान की दृष्टि से यह विचार गोष्ठी उपयोगी रही।

IX

आधार सामग्री-संग्रहालय, प्रलेखन, अनुसंधान-सूचना और प्रकाशन

9·01. सामाजिक विज्ञान अनुसंधान में आवश्यक जानकारी की वितरण-सेवाएँ प्रदान करने के अपने महत्वपूर्ण दायित्व की पूर्ति के लिए परिषद ने कई कार्यक्रम शुरू किए हैं, इनमें से निम्नलिखित उल्लेखनीय हैं :—

1. आधार सामग्री संग्रहालय
2. प्रलेखन और ग्रन्थ-सूची संबंधी सेवाएँ ;
3. अनुसंधान-सूचना ; और
4. परिषद के प्रकाशन

1. भारत में आधार-सामग्री संग्रहालय

9·02. भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद ने आधार-सामग्री संग्रहालय के क्षेत्र में एक कार्यक्रम आरंभ किया है। इसके अन्तर्गत समिति का दिल्ली में एक राष्ट्रीय आधार-सामग्री संग्रहालय स्थापित करने का तथा देश की कुछ चुनी हुई संस्थाओं में अतिरिक्त संग्रहालयों को सहायता प्रदान करने का प्रस्ताव है। इसका प्रयोजन यह है कि वे अपने निजी आधार-सामग्री संग्रहालय स्थापित कर सकें। इन राष्ट्रीय और क्षेत्रीय आधार-सामग्री संग्रहालयों में आवश्यक समन्वय स्थापित करके एक एकीकृत ग्रिड प्रणाली तैयार की जाएगी।

9·03. इस कार्यक्रम से संबद्ध समस्याओं के बारे में विशेषज्ञों की सलाह के लिए परिषद ने निम्नलिखित सदस्यों की एक विशेषज्ञ

सीमिति स्थापित की :—

1. डा० के० एस० पारिख (**अध्यक्ष**)
2. डा० आर० एन० बासु
3. डा० रजनी कोठारी
4. डा० योगेन्द्र के० अलग
5. डा० डी० बी० सरदेसाई
6. प्रो० योगेन्द्र सिंह
7. प्रो० ईश्वरदयाल
8. डा० एस० बंदोपाध्याय
9. डा० बी० के० राय बर्मन
10. डा० के० के० सिंह
11. डा० रामाश्रय राय (**सदस्य-सचिव**)

9·04. समिति के विचारार्थ निम्नलिखित विषय हैं :

(क) आधार-सामग्री संग्रहालयों के कार्यक्रमों को संगठित करने और उनका प्रबंध करने में भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद को सलाह देना। इसमें निम्नलिखित बातें सम्मिलित हैं :

(i) भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद के आधार-सामग्री संग्रहालयों का प्रबंध ;

(ii) विभिन्न संस्थाओं को उनके अपने आधार-सामग्री संग्रहालय कार्यक्रमों को विकसित करने के लिए सहायता प्रदान करने के सिद्धांतों और मानदंडों का निर्धारण ; और

(iii) आधार-सामग्री संकलन के विश्लेषण के विभिन्न पक्षों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों का निरूपण।

(ख) आधार-सामग्री प्रदाताओं और सामाजिक वैज्ञानिकों के बीच संकलित आधार-सामग्री के मूल्यांकन, उसके स्वरूप को सुधारने तथा उसके बेहतर उपयोग के लिए एक कड़ी के रूप में काम करना ; और

(ग) कठिनाई पड़ने पर सामाजिक वैज्ञानिकों को सरकारी सामग्री उपलब्ध कराने में सहायता करना।

9·05. समिति इसी प्रकार का कार्य करने वाली अन्य एजेंसियों के साथ सहयोग से संबंधित मामलों में परिषद की सहायता करेगी।

9·06. अब तक समिति की दो बैठकें हुई हैं। समिति ने एक

बठक में प्रो० सर क्लॉस मोजर को आमंत्रित किया और भारत में आधार-सामग्री संग्रहालयों के कार्यक्रमों के संबंध में उनकी सलाह ली। समिति ने अनुभव किया कि उपलब्ध आँकड़ों की एक तालिका तैयार की जाए, संकल्पनाओं के मानकीकरण को बढ़ावा दिया जाए, उपलब्ध आँकड़ों के स्वरूप में सुधार किया जाए और सामाजिक वैज्ञानिकों के उपयोग के लिए सरकारी एजेंसियों को अपने आधार-सामग्री संग्रहालय बनाने के लिए सहमत किया जाए। समिति ने यह भी अनुभव किया कि केन्द्रीय आधार-सामग्री संग्रहालयों को आधार-सामग्री संग्रहालयों की नीतियों के निरूपण, उनके कार्यक्रमों को बढ़ावा देने और उनके विभिन्न क्रियाकलापों का समन्वय करने में सहयोग देना चाहिए।

9·07. समिति ने यह भी निर्णय लिया कि इन प्रस्तावित आधार-सामग्री संग्रहालयों का संबंध हर तरह की सामग्री से नहीं होना चाहिए अपितु केवल उसी सामग्री से होना चाहिए जिनका मशीन की सहायता से अध्ययन किया जा सके और जो सामाजिक विज्ञान-अनुसंधान के लिए उपयोगी हो।

9·08. समिति ने सिफारिश की है कि परिषद आँकड़ों के संग्रह के संबंध में एक सावधिक पत्रिका प्रकाशित करे।

9·09. आशा है कि आधार-सामग्री संग्रहालय अपना कार्य मार्च 1974 तक आरंभ कर देंगे।

2. प्रलेखन और ग्रन्थ-सूची सेवाएँ

9·10. प्रलेखन और अनुसंधान-सूचना के क्षेत्र में परिषद के कार्यक्रमों का प्रतिपादन, प्रलेखन-सेवाओं और अनुसंधान सूचना के लिए गठित समिति के निदेशन और मार्गदर्शन में होता है। इन कार्यक्रमों को सामाजिक विज्ञान प्रलेखन केन्द्र, नई दिल्ली, राज्यों में स्थित प्रादेशिक केन्द्रों और सहायता-अनुदान कार्यक्रमों के द्वारा क्रियान्वित किया जाता है।

9·11. **सामाजिक विज्ञान प्रलेखन केन्द्र, नई दिल्ली :** इस केन्द्र में एक निदेशक है और अमले के 20 अन्य सदस्य हैं जो प्रलेखन और पुस्तकालय के काम में प्रशिक्षण प्राप्त हैं। यह केन्द्र निम्नलिखित परियोजनाओं को चला रहा है।

(1) **संघीय-सूची पत्र परियोजना :** (i) सामाजिक विज्ञान प्रलेखन केन्द्र, नई दिल्ली, ने भारत के प्रमुख पुस्तकालयों में उपलब्ध

सामाजिक विज्ञान के क्रमिक प्रकाशनों के संघीय-सूची-पत्र के संकलन की एक बड़ी परियोजना हाथ में ली है।

संघ-सूची-पत्र परियोजना को तीन चरणों में बाँटा जा सकता है। लेकिन इस परियोजना के राष्ट्रव्यापी महत्व का होने के कारण आधार-सामग्री के संकलन का कार्य कई राज्यों में एक साथ शुरू किया गया था। पहले चरण का संबंध प्रत्येक राज्य या राजधानी के चुने हुए पुस्तकालयों में सामान्य रूप से उपलब्ध सामाजिक विज्ञान की पत्रिकाओं की संघ-सूची के संकलन और प्रकाशन से है। इस चरण का पहला प्रकाशन (दिल्ली के पुस्तकालयों में हाल ही प्राप्त हुई पत्र-पत्रिकाओं की संघीय-सूची) अगस्त 1971 में प्रकाशिक हुआ था। आलोच्य वर्ष में इसी प्रकार के प्रकाशन आंध्रप्रदेश, बंबई और मैसूर से भी निकाले गए हैं।

दूसरे चरण में सामाजिक विज्ञान की पत्र-पत्रिकाओं के वे संघीय सूचीपत्र हैं जिनमें प्रत्येक राज्य या राजधानी के चुने हुए पुस्तकालयों में कुल पुस्तकों की सूची होती है। आलोच्य वर्ष में दिल्ली के 68 पुस्तकालयों में सामाजिक विज्ञान की पत्रिकाओं से संबद्ध समस्त सामग्री का संपादन कर उसे प्रकाशन योग्य बनाया गया। इसी वर्ष आंध्रप्रदेश, हरियाणा, पंजाब, उत्तरप्रदेश और पश्चिमी बंगाल जैसे कई अन्य राज्यों तथा बंबई से भी सामाजिक विज्ञान की पत्र-पत्रिकाओं के आँकड़े एकत्र किए गए और उनका संपादन किया जा रहा है। इसलिए इसके बाद प्रकाशित होने वाले अधिकांश खण्ड इस चरण से संबंधित होंगे।

संघीय सूचीपत्र परियोजना के तीसरे चरण का क्रमिक प्रकाशनों का संबंध सामाजिक विज्ञान के संघीय सूचीपत्र से है। ये दूसरे चरण में सम्मिलित सामान्यतः ज्ञात पत्र-पत्रिकाओं से भिन्न हैं। क्रमिक प्रकाशनों से संबद्ध दिल्ली के सभी 68 पुस्तकालयों से आँकड़े एकत्र कर लिए गए हैं और आशा है कि 1973-74 में इससे संबंधित ग्रंथ का प्रकाशन हो जाएगा। आलोच्य वर्ष में (कई राज्यों में क्रमिक प्रकाशन सामग्री के पर्याप्त आँकड़े एकत्र किए जा चुके हैं। क्रमिक प्रकाशन नाम से यद्यपि इसकी विषय वस्तु का स्पष्ट बोध नहीं होता लेकिन विभिन्न पुस्तकालयों में सुविधानुसार इसका वर्गीकरण किया गया है। इसीलिए वे कभी इन क्रमिक प्रकाशनों के खण्डों को पुस्तकों के साथ तो कभी पत्र-पत्रिकाओं के साथ या कभी-कभी बिल्कुल ही

अलग प्रलेखों में शामिल करते हैं। इसलिए किसी पुस्तकालय में, इनकी विस्तृत खोज कुछ कठिन हो जाती है। इन क्रमिक प्रकाशनों के अन्तर्गत सामान्यतः वार्षिक रिपोर्टें, सम्मेलनों की कार्रवाइयाँ, विद्वत् सभाओं के कार्यविवरण वार्षिकियाँ, पेशगियाँ, विधान-मंडलों के वाद-विवाद आदि विषय आते हैं। बहुत बड़ी संख्या में केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकारों और स्थानीय प्रशासनों तथा सरकारी और गैर-सरकारी अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों द्वारा प्रकाशित प्रलेखों को क्रमिक प्रकाशन कहा जा सकता है। यह भी अनुभव किया गया था कि एक बार इस बात का पूरा प्रयत्न किया जाना चाहिए कि सामाजिक विज्ञान पर जितना भी क्रमिक प्रकाशन साहित्य इस समय देश के प्रमुख पुस्तकालयों में उपलब्ध है उसकी खोज की जाए और उसे ग्रन्थसूची में सम्मिलित किया जाए।

पुस्तकालयों में एक-एक क्रमिक प्रकाशन की खोज में आने वाली कठिनाई और इसमें लगने वाले समय को देखते हुए ऊपर दिए तीन चरणों में से जिस चरण की भी सामग्री उपलब्ध हो उसका एक खण्ड प्रकाशित करने का निर्णय लिया गया। इससे किसी एक राज्य में रहने वाले या किसी दूसरे राज्य का दौरा करने वाले सामाजिक वैज्ञानिकों के पास ऐसा साधन उपलब्ध हो सकेगा जिसकी सहायता से वे शीघ्र आवश्यक सूचना प्राप्त कर सकेंगे।

जैसा कि ऊपर कहा जा चुका है कि दिल्ली के पुस्तकालयों में सामान्यतः उपलब्ध "सामाजिक विज्ञान की पत्र-पत्रिकाओं की संचीय सूची" का दिल्ली का एक खंड पहले ही 1971 में प्रकाशित कर दिया गया था। इसके अन्य दो खंड जिनमें क्रमशः पत्रि-पत्रिकाओं और क्रमिक प्रकाशनों के संग्रह हैं, आगामी वर्ष में प्रकाशित कर दिए जाएंगे। दिल्ली में सामाजिक विज्ञानों की पत्र-पत्रिकाओं और क्रमिक प्रकाशनों के पर्याप्त अनुसंधान संकलन उपलब्ध है। इन ग्रन्थों से इस बात का निर्णय किया जा सकता है कि अमुक खण्ड पत्र-पत्रिका कोटि में आएगा या क्रमिक-प्रकाशनों की कोटि में। आगामी वर्ष में आंध्रप्रदेश, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, उत्तरप्रदेश, पश्चिमी बंगाल, पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के पत्रिका-संकलनों के ग्रंथ निकलने वाले हैं। इस परियोजना के अंतर्गत सभी ग्रंथों के 1974-75 में प्रकाशित हो जाने की संभावना है।

मार्च 1973 तक इस परियोजना पर 1,95,224 रुपए कुल व्यय हुआ। इस परियोजना की कुल लागत का अनुमान 8 लाख रुपए है।

(2) **पुस्तकालय** : सामाजिक विज्ञान प्रलेखन केन्द्र, नई दिल्ली का पुस्तकालय स्थान की कमी के कारण अभी छोटा ही है। इस वर्ष के दौरान पुस्तकालय द्वारा 2037 ग्रंथ या तो खरीदे गए, उपहार स्वरूप प्राप्त हुए या अन्य ग्रन्थों के बदले में उपलब्ध हुए। 31 मार्च 1973 को कुल ग्रन्थों की संख्या 5182 थी। इनमें पत्र-पत्रिकाओं के 93 खण्ड भी सम्मिलित हैं जिन्हें अलग-अलग अवाप्ति रजिस्टर में दर्ज किया गया है। पुस्तकों के अधिग्रहण के बारे में निर्धारित नीति में इस बात पर बल दिया गया है कि सामाजिक विज्ञानों के मूल संदर्भ ग्रंथों और सामाजिक विज्ञानों में अनुसंधान की कार्य पद्धति विषयक ग्रंथों का अधिग्रहण किया जाए तथा इसके भविष्य पर विद्वत्तापूर्ण अध्ययन किया जाए। यह पुस्तकालय भारतीय विश्व-विद्यालयों से संपर्क स्थापित करके 1970 के बाद से उनके द्वारा स्वीकृत सामाजिक विज्ञानों के शोध प्रबंधों की एक-एक प्रति प्राप्त करता है। 31 मार्च 1973 तक ऐसे 178 शोध-प्रबंध प्राप्त किए जा चुके हैं।

पुस्तकालय ने अपनी ओर से भारत में स्थित विभिन्न विश्व-विद्यालयों के पुस्तकालयों और अनुसंधान-संस्थाओं में अपने प्रासंगिक प्रकाशनों को प्रेषित किया। अब तक निम्नलिखित प्रकाशन प्रकाशित हुए हैं :

(क) हर तिमाही में जारी की जाने वाली अवाप्ति सूची ;
(ख) सामाजिक विज्ञान प्रलेखन-केन्द्र में हाल ही में प्राप्त संदर्भ-ग्रंथ सूचियाँ, अनुक्रमणिकाएँ और सार-पत्रिकाएँ ;
(ग) सामाजिक विज्ञान प्रलेखन-केन्द्र में हाल ही में प्राप्त पत्र-पत्रिकाएँ ;
(घ) सामाजिक विज्ञान प्रलेखन-केन्द्र में उपलब्ध सामाजिक विज्ञानों के शोध-प्रबंध ;
(ङ) सामाजिक विज्ञान प्रलेखन-केन्द्र पुस्तकालय में उपलब्ध संदर्भ ग्रन्थ।

पर्याप्त पठन-स्थान के अभाव के कारण अभी तक पुस्तकालय का उपयोग बहुत कम होता है, फिर भी गतवर्ष के दौरान अनेक व्यक्तियों ने पुस्तकालय में उपलब्ध सामाजिक विज्ञानों के शोध-प्रबंधों से अवश्य लाभ उठाया। संदर्भ ग्रन्थों के बारे में पूछताछ करने पर आवश्यक सूचना फोन से तथा पत्र-व्यवहार द्वारा दी गई। इसके

साथ ही परिषद के वरिष्ठ अधिकारियों को पुस्तकालय की सुविधा उपलब्ध कराई गई।

(3) **थोक खरीद और वितरण :** प्रलेखन-सेवा और अनुसंधान-सूचना से संबद्ध समिति की सिफारिशों पर परिषद ने कुछ चुने हुए विश्वविद्यालयों, स्नातकोत्तर महाविद्यालयों और अनुसंधान संस्थाओं में वितरण के लिए प्रलेखन के कुछ क्रमिक प्रकाशनों की थोक खरीद की सस्वीकृत प्रदान की। आलोच्य वर्ष में निम्नलिखित क्रमिक प्रकाशनों का वितरण किया गया :

(क) इंडियन बिहेवियर साइंस ऐब्स्ट्रैक्ट	47 प्रतियाँ
(ख) इंडिया प्रेस इंडैक्स	78 प्रतियाँ

इस व्यवस्था के अन्तर्गत सामाजिक विज्ञान प्रलेखन केन्द्र ने श्री धर्मपाल द्वारा लिखित और सर्व सेवा-संघ, वाराणसी द्वारा प्रकाशित "जन असहयोग" और "भारतीय परम्परा" नामक पुस्तक की 100 प्रतियाँ खरीदीं और वितरित कीं।

(4) **गांधी शताब्दी संदर्भ ग्रंथ-सूची :** जैसा कि परिषद की 1971-72 की रिपोर्ट में पहले ही उल्लेख किया जा चुका है कि गांधी जी पर लिखित प्रबंधों का प्रारंभिक साइक्लोस्टाइल किया हुआ संस्करण अंग्रेजी के साथ ही साथ अन्य सभी भारतीय भाषाओं में भी 15 अगस्त 1972 को प्रकाशित किया गया था। इन्हें देश के सभी प्रमुख पुस्तकालयों को निःशुल्क बाँटा गया। इसका प्रयोजन एक तो इन पुस्तकों पर उन पुस्तकालयों की सम्मति प्राप्त करना था और दूसरे देश के विभिन्न पुस्तकालयों से इन प्रबंधों के उपलब्ध होने की सूचना प्राप्त करना था। प्रत्येक भारतीय भाषा की पुस्तकों की प्रतियाँ विभिन्न भाषा क्षेत्रों से संबद्ध प्रमुख पुस्तकालयों को भेजी गई। इसके अतिरिक्त, सुझावों और सम्मतियों के लिए इनकी प्रतियाँ संसद-सदस्यों और गांधी-साहित्य से संबद्ध जाने माने व्यक्तियों को भी भेजी गई। जहाँ तक विभिन्न पुस्तकालयों में इनके उपलब्ध होने का प्रश्न है इसकी प्रतिक्रिया काफी उत्साहवर्धक रही। कुछ व्यक्तियों ने कुछ ऐसी पुस्तकों के नामों की सूचना भी दी जो प्रारंभिक संस्करण में सम्मिलित नहीं हो सकी थीं।

बाद में अंग्रेजी में गांधी जी के बारे में अब तक प्राप्त प्रबंधों की सभी प्रविष्टियों की एक बार फिर जाँच करने के लिए कार्रवाई की गई ताकि प्रत्येक प्रबंध की विषय-वस्तु को संदर्भ ग्रंथ-सूची की प्रविष्टि में सम्मिलित किया जा सके। इसका प्रयोजन संदर्भ ग्रन्थ-

सूची के उपयोग को विशिष्ट प्रयोजनों के लिए अधिक सुविधाजनक बनाना और अधिक विस्तृत अनुक्रमणिका देना था। लगभग 800 प्रबंधों की दुबारा जाँच करके प्रत्येक प्रविशिष्ट को ब्यौरेवार तैयार किया गया। इसे तैयार करते हुए इस बात का ध्यान रखा गया कि प्रत्येक प्रविष्टि में प्रबंध की पूरी विषय सूची, गाँधी जी की पूर्व उपलब्ध संदर्भ-ग्रन्थ-सूचियों में इसका उल्लेख और उसका भारत के एक या एक से अधिक पुस्तकालयों में प्राप्त होने का संकेत हो।

बाद में प्रलेखन अनुसंधान और प्रशिक्षण केन्द्र बंगलौर से इस बात की व्यवस्था की गई कि स्वर्गीय डा० एस० आर० रंगनाथन द्वारा सुझाई गई कोलन वर्गीकरण योजना के अनुसार सभी प्रविष्टियों का वर्गीकरण किया जाए। 31 मार्च 1973 तक संदर्भ-ग्रंथ-सूची का अधिकांश काम पूरा कर लिया गया था और इसकी प्रेस कॉपी तैयार की जा रही थी।

संदर्भ-ग्रंथ-सूची के अंग्रेजी संस्करण में 31 दिसम्बर 1972, तक छपे गांधी जी के बारे में सभी ज्ञात प्रबंधों का समावेश होगा। इसके अलावा इसमें गांधी जी पर अंग्रेजी में भारतीय और विदेशी विश्वविद्यालयों द्वारा स्वीकृत 83 शोध प्रबंधों की प्रविष्टियाँ भी सम्मिलित होंगी।

31 दिसम्बर 1972 तक प्रकाशित प्रबंधों सहित सभी भारतीय भाषाओं में उपलब्ध-प्रबंधों की संदर्भ-ग्रंथ सूची को अद्यतन बनाया गया। इन्हें अगले वर्ष प्रकाशित कर दिया जाएगा।

गांधी शताब्दी ग्रंथ-सूची के लिए गठित सलाहकार समिति की सिफारिशों पर परिषद ने इस पुस्तक पर किए जाने वाले कार्य को गांधी शाँति प्रतिष्ठान, दिल्ली में ही जारी रखने की व्यवस्था की। परिषद ने यह भी निर्णय लिया कि वह सभी भारतीय और विदेशी भाषाओं में गांधी जी पर निकले प्रकाशनों को सम्मिलित करके एक द्विवार्षिक ग्रन्थ प्रकाशित करने के लिए भी प्रतिष्ठान की सहायता करेगा।

(5) **भारत में प्रकाशित होने वाली सामाजिक विज्ञान की पत्र-पत्रिकाओं की निदेशका** : आरंभ से ही परिषद ने भारत में प्रकाशित होने वाली सामाजिक विज्ञान की अच्छी पत्र-पत्रिकाओं को सहायता प्रदान करने में विशेष रुचि दिखाई है। परिषद की एक योजना के अधीन सामाजिक विज्ञान की प्रत्येक शाखा में कम से कम एक पत्रिका को वित्तीय सहायता प्रदान करने की व्यवस्था है।

अब तक ऐसी छः पत्रिकाओं को वित्तीय समर्थन प्राप्त हो चुका है। इसलिए यह अनुभव किया गया कि भारत में प्रकाशित होने वाली सामाजिक विज्ञान की पत्र-पत्रिकाओं का सर्वेक्षण किया जाए। इस सर्वेक्षण के प्रथम चरण में यह निर्णय लिया गया कि भारत में प्रकाशित होने वाले सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र की सभी प्रकार की पत्र-पत्रिकाओं का एक व्यापक संकलन तैयार किया जाए।

तदनुसार सामाजिक विज्ञान प्रलेखन केन्द्र, नई दिल्ली ने अगस्त, 1972 को इस निदेशिका का संकलन कार्य अपने हाथ में लिया। विभिन्न क्षेत्रों में प्रकाशित होने वाली पत्र-पत्रिकाओं के लगभग 2000 प्रकाशकों से विविध प्रकार की सूचना प्राप्त करने के लिए प्रश्नावलियाँ भेजी गई। 31 मार्च 1973 तक एक-दो स्मरण पत्र भेजने के बाद एक तिहाई से अधिक प्रकाशकों के उत्तर प्राप्त हो गए थे। इन पर कार्रवाई की जा रही है। आशा है कि निदेशिका अगले वर्ष के दौरान प्रकाशित हो जाएगी।

9·12. **कर्मचारी-वर्ग** : सामाजिक विज्ञान प्रलेखन केन्द्र, नई दिल्ली में 31 मार्च 1973 को काम करने वाले कर्मचारियों का विवरण निम्न प्रकार है :

निदेशक	1
उपनिदेशक	1
प्रलेखन अधिकारी	3
वरिष्ठ प्रलेखन सहायक	6
अवर प्रलेखन सहायक	11
स्टेनो और टाइपिस्ट	13
दफ्तरी, परिचर, संदेशवाहक आदि	7
	42

9·13. **भावी योजनाएँ** : परिषद की सामाजिक विज्ञान प्रलेखन केन्द्र की गतिविधियों को और व्यापक बनाने की योजना है, जिसके अन्तर्गत संग्रह पुस्तकालय और रिप्रोग्राफिक सेवा शुरू करने की भी व्यवस्था है।

1. **संग्रह पुस्तकालय** : संग्रह पुस्तकालय अन्य पुस्तकालयों से, अपेक्षाकृत कम प्रयोग में आने वाली सामाजिक विज्ञान की अनु-

संधान सामग्री, प्राप्त करने का अनुरोध करेगा और इस प्रयोजन के लिए पर्याप्त स्थान और कर्मचारी वर्ग प्रदान करके इस सामग्री को संग्रह पुस्तकालय में किसी भी क्षेत्र से आने वाले सामाजिक वैज्ञानिकों के परामर्श के लिए उपलब्ध करायेगा। इन संग्रह पुस्तकालयों में से पहला ऐसा पुस्तकालय अगले वर्ष के दौरान दिल्ली में स्थापित किया जाएगा। अब तक इस सहकारी कार्यक्रम में भाग लेने के लिए दिल्ली के बीस पुस्तकालयों ने अपनी सहमति दे दी है। अन्ततः परिषद के प्रत्येक क्षेत्रीय केन्द्र में ऐसा संग्रह पुस्तकालय स्थापित किया जाएगा।

2. **रिप्रोग्राफिक सेवा :** परिषद द्वारा शीघ्र ही रिप्रोग्राफिक सेवा भी शुरू कर दी जाएगी। यह दो प्रकार की सुविधाएं प्रदान करेगी। सामाजिक विज्ञान प्रलेखन केन्द्र का पुस्तकालय सूक्ष्म रूप में सामग्री को प्राप्त करेगा। यह ऐसी सामग्री होगी जो स्वदेश में आसानी से उपलब्ध नहीं है। साथ ही इस सामग्री को पठनीय बनाने के लिए यह पुस्तकालय अपने भवन में ही पठन-यंत्र भी प्रदान करेगी। समय-समय पर इस सूक्ष्म रूप में उपलब्ध सामग्री को दूसरे पुस्तकालयों के उपयोग के लिए उधार दिया जा सकेगा ताकि इसी प्रकार की सामग्री दूसरे पुस्तकालयों से भी उधार लेकर इस पुस्तकालय के उपयोग के लिए प्राप्त की जा सके। इसके अलावा दूसरी सुविधा अभीष्ट अनुसंधान-निबंध, लेख या उद्धरण की सूक्ष्म-प्रतियाँ उपलब्ध कराने की है। कुछ समय बाद मूल और दुर्लभ अनुसंधान सामग्री को भावी पीढ़ियों के लिए सूक्ष्म रूप में परिरक्षित करने की एक योजना शुरू की जाएगी जिसके अन्तर्गत भारत में सामाजिक विज्ञान की अनुसंधान सामग्री को परिरक्षित करने का कार्य किया जाएगा। अन्यथा पर्याप्त परिरक्षण की सुविधाओं के अभाव में इस सामग्री के विकृत होकर नष्ट हो जाने की संभावना है।

(2) क्षेत्रीय केन्द्र

9·14. विभिन्न क्षेत्रों के सामाजिक वैज्ञानिकों को पुस्तकालय, प्रलेखन, और अन्य अनुसंधान सुविधाएँ प्रदान करने के लिए परिषद ने आलोच्य वर्ष में कलकत्ता, बंबई और हैदराबाद में तीन अनुसंधान केन्द्र स्थापित किए हैं। ये केन्द्र सामाजिक विज्ञान अनुसंधान सामग्री का संचय करेंगे, सामाजिक विज्ञान की पत्र-पत्रिकाएँ उपलब्ध कराएँगे, आवश्यक संदर्भ-ग्रंथ-सूची और प्रलेखन सेवाएँ प्रदान करेंगे,

प्रादेशिक भाषाओं में सामाजिक विज्ञान अनुसंधान सामग्री एकत्र करेंगे। ऐसे छात्रावासों की स्थापना करेंगे जहाँ अध्यापक और छात्र कम खर्च पर रह सकेंगे। इसके अतिरिक्त एक अध्ययन अनुदान की ऐसी योजना भी चलाएँगे जिसके अंतर्गत इस क्षेत्र में स्थापित पुस्तकालयों में उपलब्ध अनुसंधान-सामग्री का लाभ उठाना चाहने वाले सामाजिक वैज्ञानिकों को यात्रा सुविधा और रहने का खर्च दिया जाएगा। ऐसा एक केन्द्र बंबई में, बंबई विश्वविद्यालय कैंपस में और दूसरा हैदराबाद में उस्मानिया विश्वविद्यालय कैंपस में चल रहा है। कलकत्ता में यह केन्द्र स्वर्गीय श्री जदुनाथ सरकार के आवास में चलाया जा रहा है, जिसे परिषद ने इस प्रयोजन के लिए खरीद लिया था। ये केन्द्र संबद्ध विश्वविद्यालयों के उपकुलपतियों की संपूर्ण देखरेख में चल रहे हैं जो प्रत्येक केन्द्र के लिए गठित सलाहकार समिति के अध्यक्ष भी हैं। इन केन्द्रों के आवे राजस्व व्यय को महाराष्ट्र और आंध्रप्रदेशों की राज्य सरकारें उठाने पर सहमत हो गई हैं। अस्थायी रूप में कलकत्ता स्थित क्षेत्रीय केन्द्र, सीधे परिषद की देखरेख में काम कर रहा है। सामाजिक विज्ञान अध्ययन केन्द्र कलकत्ता के साथ इस केन्द्र के संचालन के प्रबंध को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

(3) **अनुसंधान सूचना**

9·15. परिषद सामाजिक विज्ञानों के संबंध में अनुसंधान सूचना देने या आवश्यक वितरण सेवा सुविधाएँ प्रदान करने के कई कार्यक्रमों का विकास कर रहा है। इनमें से निम्नलिखित उल्लेखनीय हैं :

(1) भारतीय विश्वविद्यालयों द्वारा सामाजिक विज्ञानों में जिन विद्यार्थियों को पी-एच० डी० की डिग्री प्रदान की गई है उनकी वार्षिक सूची का प्रकाशन।

(2) भारतीय विश्वविद्यालयों में सामाजिक विज्ञानों में डाक्टरेट डिग्री के लिए पंजीकृत विद्यार्थियों की आवधिक सूची का प्रकाशन।

(3) सामाजिक विज्ञानों में भारतीय विश्वविद्यालयों और अनुसंधान संस्थाओं में किए जा रहे अनुसंधान कार्य के आवधिक विवरण का प्रकाशन।

9·16. **विभिन्न शाखाओं में प्रक्षेपण सेवाएँ** : परिषद ने विभिन्न समाजशास्त्र शाखाओं में अनुसंधान के लिए कुछ 'एब्स्ट्र-

क्टिंग जरनल' प्रकाशित करने का भी निर्णय लिया है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रकाशित होने वाली पहली पत्रिका 'इंडियन साइकोलॉजिकल एब्स्ट्रैक्ट्स' है। यह पाक्षिक पत्रिका, इंडियन साइकोलॉजिकल ऐसोसिएशन और सोमैया प्रकाशन (प्राइवेट) लिमिटेड बंबई के सहयोग से प्रकाशित की जा रही है। इसी प्रकार की पत्रिकाएँ (क) समाजशास्त्र और सामाजिक मानवविज्ञान और (ख) भूगोल पर भी प्रकाशित करने की व्यवस्था की जा रहा है। अन्ततः इन पत्रिकाओं को सामाजिक विज्ञान की सभी शाखाओं में प्रकाशित करने की योजना है।

9·17. **भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा प्रकाशित अनुसंधान-सार त्रैमासिक :** मुख्य रूप से इस पत्रिका का प्रयोजन, परिषद द्वारा प्रवर्तित अनुसंधानों के सारांशों को प्रकाशित करना है। इसमें यदि स्थान हो तो, सामाजिक विज्ञानों के क्षेत्र में हुए अन्य अनुसंधानों के सारांश भी दिए जाते हैं।

9·18. **भारतीय शोध प्रबंध सार :** परिषद ने इस पत्रिका को सामाजिक विज्ञानों के क्षेत्र में भारतीय विश्वविद्यालयों द्वारा डाक्टरेट के लिए स्वीकृत शोध-प्रबंधों के सार प्रकाशित करने के लिए इसी वर्ष शुरू किया है। यह त्रैमासिक पत्रिका है। लेकिन प्रतिवर्ष इसका एक विशेषांक प्रकाशित होगा जिसमें सामाजिक विज्ञानों पर भारतीय विश्वविद्यालयों से डाक्टरेट डिग्री पाने वाले विद्यार्थियों की पूरी सूची दी जाएगी।

9·19. **अनुसंधान-संस्था निदेशिका :** परिषद ने विश्वविद्यालय प्रणाली के अंतर्गत न आने वाली सामाजिक विज्ञानों की अनुसंधान संस्थाओं की एक ऐसी आवधिक निदेशिका प्रकाशित करने का निर्णय लिया है जिसका विवरण विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा एकत्र न किया जाता हो। ऐसी पहली निदेशिका प्रकाशित हो चुकी है।

9·20. **भारत में सामाजिक वैज्ञानिकों के व्यावसायिक संगठनों की निदेशिका :** परिषद ने भारत में सामाजिक वैज्ञानिकों के व्यावसायिक संगठनों की निदेशिका भी प्रकाशित की है। इस निदेशिका को संशोधित करके अद्यतन बनाया जाएगा और हर तीन साल बाद प्रकाशित किया जाएगा।

9·21. निदेशिका के अगले संस्करण में अधिक से अधिक सामग्री को सम्मिलित करने के लिए राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और स्थानीय स्तर पर

काम करने वाले सामाजिक वैज्ञानिकों के सभी व्यावसायिक संगठनों से अपने नामों को परिषद में रजिस्टर करवाने का अनुरोध करने का निर्णय लिया गया है। जो संगठन परिषद में अपना नाम रजिस्टर कराना चाहें, वे एक विशिष्ट प्रपत्र को भर कर परिषद के पास भेज द। परिषद के पास पंजीकृत संगठनों को निम्नलिखित विशेषाधिकार प्राप्त हैं :

(i) परिषद द्वारा पंजीकृत संगठन ही परिषद से सहायता अनुदान पाने के हकदार हैं।

(ii) परिषद के समूल्य प्रकाशनों को खरीदने पर इन संगठनों को 33⅓ प्रतिशत कमीशन दिया जाता है।

(iii) परिषद द्वारा पंजीकृत संगठनों को परिषद के निःशुल्क प्रकाशन नियमित रूप से भेजे जाते हैं।

9·22. 31 मार्च 1973 तक सामाजिक वैज्ञानिकों के 60 व्यावसायिक संगठनों ने परिषद के साथ अपना पंजीकरण करवाया था।

(4) परिषद के प्रकाशन

9·23. **भा० स० वि० अ० प० न्यूज़लैटर** : भा० सा० वि० अ० प० न्यूजलैटर, एक त्रैमासिक प्रकाशन है जो 1969 में शुरू किया गया था। यह निःशुल्क प्रकाशन है और सभी विश्वविद्यालयों, अनुसंधान संस्थाओं, विश्वविद्यालयों के सामाजिक विज्ञानों के विभागों, और स्नातकोत्तर संबद्ध कालेजों, राज्यों के शिक्षा विभागों और व्यक्तिगत सामाजिक वैज्ञानिकों को भी उनकी प्रार्थना पर प्रेषित किया जाता है। इसे विदेशों में भारतीय दूतावासों को और भारत स्थित विदेशी दूतावासों को भी भेजा जाता है। इस प्रकाशन की बढ़ी हुई मांग के कारण इस वर्ष से इसकी पूर्व वर्ष में प्रकाशित 4,500 प्रतियों के बजाय 5,000 प्रतियाँ छापी जाने लगी हैं। आलोच्य वर्ष में खण्ड III के 2,3,4 अंक और खण्ड IV का 1 अंक निकाला गया।

9·24. **निःशुल्क प्रकाशन** : परिषद ने कुछ 42 निःशुल्क प्रकाशन प्रकाशित किए हैं। 1972-73 में निम्नलिखित प्रकाशन निकाले गए :

(1) वार्षिक रिपोर्ट, 1970-71 (हिंदी)
(2) परिषद के प्रबंध सं० 5,6 और 7 के पुनर्मुद्रण
(3) परिषद की अनुदान योजना, 1972 के पुनर्मुद्रण
(4) वार्षिक रिपोर्ट, 1971-72 (अंग्रेजी)

(5) भारत में सामाजिक वैज्ञानिकों के व्यवसाय-संगठनों की निदेशिका—1972

(6) सामाजिक विज्ञान में अध्यायापन और अनुसंधान पर एशियाई सम्मेलन—पुस्तिकाएँ तैयार करने के लिए मार्गदर्शक सिद्धान्त ।

9·25. **समूल्य प्रकाशन** : 31 मार्च 1973 तक परिषद ने 21 समूल्य प्रकाशन निकाले । इनमें से अधिकांश प्रकाशनों के विषय में इस रिपोर्ट में अन्यत्र यथा स्थान निदेश किया गया है । इनके अलावा निम्नलिखित प्रकाशन इस वर्ष में प्रकाशित किए गए :

(1) चौथे आम चुनाव पर अध्ययन ;

(2) परीक्षणात्मक मनोविज्ञान पर भारतीय मनोवैज्ञानिक सार । इंडियन साइकोलॉजिकल ऐब्स्ट्रैक्ट्स का एक विशेष भाग

9·26. **प्रकाशन नीति** : सभी निःशुल्क प्रकाशनों के प्रकाशन और वितरण का उत्तरदायित्व परिषद के प्रकाशन प्रभाग पर है । लेकिन समूल्य प्रकाशनों के संबंध में परिषद ने निर्णय लिया है कि इनका प्रकाशन सुस्थापित प्रकाशकों के द्वारा अधिक कुशलता से और कम व्यय पर किया जा सकता है । इस बात को ध्यान में रख कर परिषद ने प्रकाशकों की एक सूची का अनुमोदन किया है जो समूल्य प्रकाशनों (इनमें परिषद के जरनल भी सम्मिलित हैं) का प्रकाशन व प्रबंध करेंगे । प्रकाशकों के साथ प्रकाशन के संबंध में मानक अनुबंध भी किया गया है । मोटे तौर पर, नीति यह है कि प्रकाशन और उत्पादन का पूर्ण व्यय परिषद उठाएगी और विक्रय से होने वाली आय को परिषद और प्रकाशक पूर्व निर्धारित आधार पर आपस में बाँट लेंगे ।

X

अन्य गतिविधियाँ

10·01. परिषद की अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियों में से निम्न-लिखित उल्लेखनीय हैं :

(1) परिषद की परामर्शदात्री भूमिका ;

(2) भारतीय - सामाजिक वैज्ञानिकों को विदेश यात्रा अनुदान ;

(3) भारत में आमंत्रिक विदेशी सामाजिक वैज्ञानिक ;

(4) सामाजिक रिपोर्ट, सामाजिक सूचक और रहन-सहन का तरीका

(5) विचार गोष्ठियाँ, और

(6) सामाजिक वैज्ञानिकों के व्यवसाय-संगठनों को विकास अनुदान ।

(1) परिषद की परामर्शदात्री भूमिका

10·02. **भारत में विदेशी छात्रों द्वारा ली गई परियोजनाएँ** : परिषद का एक दायित्व भारत सरकार को, भारत में विदेशी छात्रों द्वारा सामाजिक विज्ञानों के शोधकार्य को हाथ में लेने के प्रस्तावों के बारे में, सलाह देना है । 31 मार्च 1973 तक भारत सरकार ने ऐसे 38 मामलों में परिषद की सलाह माँगी । इनमें से प्रत्येक मामले की, इस प्रयोजन के लिए एक विशेष समिति ने जाँच करके उपयुक्त सलाह दी ।

10·03. **भारतीय आयकर अधिनियम 1961 की धारा 35 (i) (iii) के अन्तर्गत आयकर से छूट के लिए संस्थाओं के नामों**

की स्वीकृति : भारत सरकार ने भारतीय आयकर अधिनियम 1961 की धारा 35 (i) (iii) के अन्तर्गत आयकर से छूट के लिए संस्थाओं/संगठनों के नामों को स्वीकृति प्रदान करने के लिए परिषद को विहित प्राधिकरण नामित किया है। परिषद की सिफारिशों के आधार पर सरकार ने भारतीय राजपत्र में निम्नलिखित संस्थाओं/संगठनों को भारतीय आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 35 (i) (iii) के अन्तर्गत आयकर से छूट देने की अधिसूचना प्रकाशित की है।

क्रम संख्या — संस्था का नाम

1. भारतीय विद्या भवन, बंबई
2. अखिल भारतीय प्रबंध समाज, नई दिल्ली
3. क्षेत्रीय विकास अध्ययन केन्द्र, सूरत
4. भारतीय विश्व-कार्य परिषद, नई दिल्ली
5. महाराष्ट्र आर्थिक विकास परिषद, बंबई
6. टाटा सामाजिक विज्ञान संस्था, बंबई
7. राष्ट्रीय बैंक प्रबंध संस्थान, बंबई
8. भारतीय प्रबंध संस्थान, कलकत्ता
9. सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन संस्थान, बंगलौर
10. भारतीय राजनीतिक अर्थ-व्यवस्था विद्यालय, पूना
11. तकनीकी-आर्थिक अध्ययन संस्थान, मद्रास।

(2) विदेश यात्रा-अनुदान

10·04. परिषद भारतीय और विदेशी सामाजिक वैज्ञानिकों में निकट संपर्क को प्रोत्साहित करने की नीति का अनुसरण कर रही है। इस प्रयोजन से परिषद उन भारतीय सामाजिक वैज्ञानिकों को पूरक अनुदान देती है जिन्हें विदेशों में कुछ चुने हुए केन्द्रों में कुछ समय रहने के लिए या कुछ प्रमुख सामाजिक वैज्ञानिकों से मिलने के लिए आमंत्रित किया गया हो।

10·05. 31 मार्च 1973 तक विदेश यात्रा के लिए दिए अनुदान का विवरण ब्यौरेवार नीचे दिया गया है :

क्रम सं०	वैज्ञानिक का नाम और पता	वैज्ञानिक ने जिन देशों का दौरा किया	स्वीकृत विदेशी मुद्रा रु०	अनुदान में परिषद का अंशदान रु०
1	2	3	4	5
1.	डा० आशिश नन्दी विकासशील समाज अध्ययन केन्द्र 29, राजपुर मार्ग दिल्ली	इंग्लैंड	3360	2220
2.	डा० एन० एस० बोस, रीडर, इतिहास विभाग, जादवपुर विश्वविद्यालय जादवपुर	इंग्लैंड	7449	5587
3.	प्रो० रशीदुद्दीन खान विभागाध्यक्ष सामाजिक विज्ञान विद्यालय, जवाहरलाल विश्वविद्यालय नई दिल्ली	बेल्जियम इंग्लैंड और डेनमार्क	3600	2705
4.	डा० सी० एन० दफ्तुआर मनोविज्ञान विभाग गया कालेज, गया	इंग्लैंड और फ्रांस	1842	1382
5.	डा० जी० सी० गुप्ता मनोविज्ञान विभाग दिल्ली विश्वविद्यालय दिल्ली	बेल्जियम और नीदरलैंड्स	1581	1185
6.	प्रो० राधानाथ रथ मनोविज्ञान विभाग उत्कल विश्वविद्यालय भुवनेश्वर	अमेरिका	4047	3035

1	2	3	4	5
7.	डा० आर० सी० प्रसाद राजनीति शास्त्र विभाग मगध विश्वविद्यालय, गया	इटली	1784	1338
8.	डा० एस० आनंद लक्ष्मी प्राध्यापक और इंचार्ज शिशु विकास विभाग लेडी इर्विन कालेज नई दिल्ली	अमेरिका	1140	855

(3) भारत में आमंत्रित विदेशी सामाजिक वैज्ञानिक

10·06. परिषद विदेशों से प्रमुख सामाजिक वैज्ञानिकों को भाषण देने, विचार गोष्ठियों में भाग लेने और भारत में महत्वपूर्ण सामाजिक विज्ञानों के चुने हुए केन्द्रों में भ्रमण करने के लिए आमंत्रित करती है। समीक्षाधीन वर्ष में परिषद ने निम्नलिखित विशिष्ट विद्वानों को भारत में आमंत्रित किया :

(1) डा० एलेक्स डिक्सन, आनरेरी डायरेक्टर, कम्युनिटि सर्विस वालंटियर, लंदन (11-18 नवम्बर, 1972)।

(2) डा० मोहम्मद मोहसिन, सदस्य-सचिव, राष्ट्रीय शिक्षा समिति, नेपाल सरकार, काठमांडु (6-11 दिसम्बर, 1972)।

(3) डा० ईवान इलिच, एक विशिष्ट लैटिन अमरीकी विद्वान जो विवादास्पद पुस्तक 'डिस्कूलिंग सोसाइटी' के लेखक हैं और अन्तर्सांस्कृतिक प्रलेखन केन्द्र मैक्सिको के निदेशक हैं। (19 नवम्बर से दिसम्बर 1972)।

अपने भारत के दौरे के दौरान डा० इलिच नई दिल्ली में योजनाकारों, शिक्षाशास्त्रियों, कलाकारों और पत्रकारों से मिले। इन्होंने 'इंडिया इंटरनेशनल सैंटर' में दो विचार गोष्ठियों और एक साधारण सभा में भाषण दिया। पहली विचार गोष्ठी में उद्योगोत्तर समाज पर विचार हुआ और दूसरी विचार गोष्ठी में तथा साधारण सभा में दिए भाषण का विषय 'शिक्षा' था। डा० इलिच वाराणसी, शांति निकेतन, गांधी ग्राम और पूना भी गए, जहाँ वे शिक्षाशास्त्रियों, अध्यापकों और विद्यार्थियों से मिले और उनसे शैक्षिक और सामाजिक पुनर्निर्माण पर विचार विमर्श किया।

(4) प्रो० सर क्लॉसमोजर, डायरेक्टर, सेंट्रल स्टैटिस्टिकल ऑफिस, लंदन (25 जनवरी से 3 फरवरी 1973)।

अपनी इस यात्रा के दौरान प्रो० सर क्लॉस ने केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन और योजना आयोग के अधिकारियों से मुलाकात की। उन्होंने परिषद की आधार-सामग्री संग्रहालय के लिए गठित सलाहकार समिति की ; और सामाजिक सूचकों पर कार्य (अध्ययन) दल की बैठक में भी भाग लिया। इन्होंने सामाजिक प्रवृत्तियों पर अपनी महत्वपूर्ण रिपोर्ट परिषद को पेश की है जो परिषद के विचाराधीन है।

(4) सामाजिक रिपोर्ट, सामाजिक सूचक और रहन-सहन का तरीका

10·07. परिषद संपूर्ण सामाजिक विकास के व्यापक क्षेत्र में अनुसंधान की रुचि को प्रोत्साहित करना चाहती है। इस दृष्टि से कहा जा सकता है कि परिषद सामाजिक रिपोर्ट, सामाजिक सूचक और रहन-सहन के तरीके इन तीन मुख्य कार्यक्रमों का विकास करना चाहती है।

10·08. **सामाजिक रिपोर्ट** : परिषद ने सामाजिक रिपोर्ट प्रकाशित करने का निर्णय लिया है जिसमें स्वाधीनता के प्रथम 25 वर्षों (1947-72) के विकास की प्रवृत्तियों का मोटे तौर पर विवरण होगा। प्रो० श्यामाचरण दुबे, निदेशक, भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, शिमला इसके मुख्य संपादक हैं। इस रिपोर्ट के 1974 के अन्त तक पूरा हो जाने की संभावना है।

10·09. **सामाजिक सूचक** : पिछली कुछ दशाब्दियों में विकास की जो समस्याएँ सामाजिक वैज्ञानिकों के सामने आई हैं उन्होंने प्रगति की मात्रा के निर्धारण के साधन के रूप में 'सामाजिक सूचकों' पर विचार करने के लिए सामाजिक वैज्ञानिकों को विवश कर दिया है। इस तकनीक को सारे संसार में अपनाया जा रहा है। इसके महत्व को देखते हुए, परिषद ने भी भारत के लिए उपयुक्त 'सामाजिक सूचक' तैयार करने का निर्णय लिया है।

10·10. इस कार्य में आने वाली कठिनाई की जांच के लिए इस समस्या में रुचि रखने वाले सामाजिक वैज्ञानिकों के दल की एक बैठक की गई थी। इन वैज्ञानिकों को लंदन के केन्द्रीय सांख्यिकी कार्यालय के निदेशक प्रो० सर क्लॉज़ मोजर से भी, उनके हाल

ही के भारत के दौरे के दौरान, विचार-विमर्श करने का अवसर दिया गया था।

10·11. इन परिचर्चाओं के आधार पर परिषद ने कुछ चुने हुए सामाजिक वैज्ञानिकों से नीचे दिये कुछ विशिष्ट क्षेत्रों के लिए सामाजिक सूचक तैयार करने का अनुरोध किया है :

क्र० सं०	सामाजिक वैज्ञानिक का नाम	सामाजिक सूचक तैयार करने के क्षेत्र
1.	प्रो० वी० एन० कोठारी	शिक्षा
2.	प्रो० वी० वी० रंगाराव	विज्ञान और टेक्नोलॉजी
3.	प्रो० योगेन्द्र के० अलघ	आर्थिक जीवन
4.	प्रो० योगेन्द्र सिंह	सामाजिक संरचना और परिवर्तन
5.	डा० आशीष बोस	जनसांख्यिकी
6.	कु० एम० खांडेकर	सामाजिक कल्याण
7.	डा० एन० आर० कार	पर्यावरण
8.	डा० सतीश अरोड़ा	राजनीतिक विकास (इसमें संचार भी शामिल है)
9.	डा० (श्रीमती) कपिला वात्स्यायन	कला और साहित्य
10.	श्री वाई० पी० गुप्ता	स्वास्थ्य
11.	डा० ए० के० गुप्ता	जनसुरक्षा और व्यवस्था

इन सूचकों की खोज के लिए ये विद्वान एक समान संकल्पनात्मक ढाँचे और समान कार्यपद्धति का उपयोग करेंगे।

10·12. प्रो० रामकृष्ण मुखर्जी भारतीय सांख्यिकी संस्थान, कलकत्ता से अनुरोध किया गया है कि वे भारत में सामाजिक सूचकों के अध्ययन के लिए संकल्पना-पद्धति और कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत रिपोर्ट तैयार करें। इनकी इस रिपोर्ट के अक्तूबर, 1973 तक उपलब्ध होने की आशा है।

10·13. **रहन-सहन के तरीके** : परिषद ने अक्तूबर 1972 में, 'रहन-सहन के तरीकों' पर सामाजिक वैज्ञानिकों और कुछ अन्य ऐसे व्यक्तियों की जिन्हें इस विषय में रुचि थी, एक विचार गोष्ठी

आयोजित की। इस विचार-विमर्श का उद्देश्य एक ऐसी मोटी रूप-रेखा तथा ऐसे सिद्धांतों का सुझाव देना था जिसके आधार पर भारतीय समाज के पुनर्निर्माण का प्रयत्न किया जा सके। इसमें हुए विचार-विमर्श के आधार पर तथा इस विषय के महत्व को ध्यान में रखते हुए परिषद ने इस समस्या के निम्नलिखित पहलुओं का अध्ययन करने के लिए अध्ययन-दल बनाने का निर्णय लिया :

1. शिक्षा
2. आवास
3. स्वास्थ्य
4. रोजगार
5. परिवहन
6. मूलभूत मानक

प्रत्येक अध्ययन दल, उसे सौंपे गए विषय पर, प्रबंध तैयार करेगा। इन प्रबंधों के प्राप्त होने पर रहन-सहन के तरीकों की नई संकल्पनाओं की कुछ अधिक विस्तार से परिभाषा करने के लिए और इस विषय पर आगे अनुसंधान के कार्यक्रमों के विकास के लिए एक संगोष्ठी आयोजित की जाएगी।

(5) विचारगोष्ठियाँ

10·14. अन्तर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और स्थानीय-स्तरों पर अनुसंधान की समस्याओं की खोज के लिए और उनमें सामाजिक वैज्ञानिकों की रुचि को जागृत करने के लिए, परिषद, विचारगोष्ठियाँ आयोजित करने के लिए सीमित वित्तीय सहायता देती है।

10·15. **राष्ट्रीय विचारगोष्ठियां** : 1972-73 में परिषद ने निम्नलिखित राष्ट्रीय स्तर की विचारगोष्ठियाँ आयोजित कीं।

(1) **सामाजिक विज्ञान और सामाजिक यथार्थ पर विचार गोष्ठी** : परिषद ने विभिन्न सामाजिक विज्ञान की शाखाओं के कुछ प्रमुख विद्वानों को भारत में वर्तमान परिस्थितियों के संदर्भ में सामाजिक विज्ञानों की भूमिका के प्रश्न पर विचार व्यक्त करने के लिए आमंत्रित किया। उनसे प्राप्त प्रबंधों में सामाजिक वैज्ञानिकों के सामने कुछ बहुत महत्वपूर्ण समस्याएँ प्रस्तुत की गई हैं।

इस संबंध में सामाजिक विज्ञान के विद्वानों ने अनुकूल प्रतिक्रिया और उनसे प्राप्त प्रबंधों से प्रोत्साहित होकर भारतीय उच्च शिक्षा संस्थान, शिमला के सहयोग से एक विचारगोष्ठी का आयोजन किया।

परिषद द्वारा प्राप्त निबंधों के अलावा भारतीय उच्च शिक्षा संस्थान ने कुछ अन्य सामाजिक वैज्ञानिकों से भी लेख देने का अनुरोध किया। इन लेखों और प्रबंधों को आधार बना कर 'सामाजिक विज्ञान और सामाजिक यथार्थ' विषय पर शिमला में 7 अक्तूबर से 13 अक्तूबर 1972 तक संगोष्ठी की गई।

लेकिन, इस संगोष्ठी की विभिन्न बैठकों में निबंधों को ही आधार नहीं बनाया गया। विभिन्न बैठकों के लिए निर्धारित विशिष्ट विषय इस प्रकार थे :

(i) सामाजिक विज्ञान और परिवर्तनशील समाज : विकासशील देशों में सामाजिक वैज्ञानिकों की भूमिका।
(ii) सामाजिक विज्ञान और राष्ट्रीय विकास।
(iii) सामाजिक विज्ञान अनुसंधान का संगठन और प्रबंध : विशुद्ध और प्रायोगिक अनुसंधान के दावे।
(iv) भारत में सामाजिक विज्ञानों के विकास पर एक दृष्टि।
(v) सामाजिक विज्ञानों में सिद्धान्त स्थापना।

इस विचारगोष्ठी में उठाए गए प्रश्नों के निर्धारण के लिए एक सुनिश्चित सामाजिक विज्ञान-नीति बनाने पर विचार करने का सुझाव दिया गया था। परिषद से यह भी कहा गया कि वह इस प्रश्न पर विचार-विमर्श के लिए अध्ययन दल गठित करे। इस अध्ययन दल में निम्नलिखित सदस्यों को सम्मिलित किया गया :

प्रो० श्यामा चरण दुबे	**अध्यक्ष**
प्रो० बलजीत सिंह	
डा० टी० एन० मदान	
श्री रजनी कोठारी	
डा० शिव कुमार मित्रा	
प्रो० बी० पी० मिश्रा	
डा० योगेश अटल	**सदस्य-सचिव**

(2) सामाजिक परिवर्तन पर राष्ट्रीय विचारगोष्ठी

परिषद, भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, शिमला और सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन संस्थान, बंगलौर के संयुक्त तत्वावधान में 3 नवम्बर से 7 नवम्बर 1972 तक बंगलौर में सामाजिक परिवर्तन पर राष्ट्रीय विचारगोष्ठी का आयोजन किया गया था।

विचारगोष्ठी की निम्नलिखित विषयों पर छः बैठकें की

गई थीं :

(1) ग्रामीण सामाजिक परिवर्तन
(2) परिवार, जनसंख्या, सामाजिकीकरण और संचार
(3) शिक्षा और सामाजिक परिवर्तन
(4) राजनीति और धर्म
(5) अनुसूचित जनजातियाँ, जाति-अध्ययन और क्रियापद्धति संबंधी समस्याएँ
(6) सामाजिक स्तरविन्यास और आधुनिकीकरण।

भारत के विभिन्न भागों से इस विचारगोष्ठी में चालीस से अधिक समाज वैज्ञानिकों और सामाजिक-मानव वैज्ञानिकों ने भाग लिया।

इस संगोष्ठी में भाग लेने वाले विद्वानों ने आनुभविक तथ्यों के बजाए कार्य-पद्धति विषयक और वास्तविक मामलों पर ध्यान दिया। इस संगोष्ठी का उद्देश्य पूरी स्थिति का जायजा लेना और भारत के संदर्भ में सामाजिक परिवर्तन के क्षेत्र में भावी अनुसंधान के क्षेत्रों की खोज करना था।

इस संगोष्ठी में पढ़े गए निबंधों का संपादन प्रो० श्रीनिवास कर रहे हैं। बाद में इन्हें पुस्तक के रूप में प्रकाशित करने की योजना है।

(3) **कानून और सामाजिक परिवर्तन पर विचारगोष्ठी**

परिषद ने नई दिल्ली में विधि आयोग और भारतीय बार कौंसिल के सहयोग से कानून और सामाजिक परिवर्तन विषय पर 21 मार्च से 24 मार्च 1973 तक एक संगोष्ठी आयोजित की थी। इसकी परिचर्चाओं में कानून के अध्यापकों, ऐडवोकेटों और न्यायाधीशों सहित 33 व्यक्तियों ने भाग लिया। इस विचारगोष्ठी में कानून और समाज के बीच अंतर्संबंध पर कानून के अध्यापन और वैज्ञानिक अनुसंधान से समान रूप से संबद्ध जिन दो विषयों पर विचार किया वे इस प्रकार है :—

(i) कानून की शिक्षा और सामाजिक विज्ञान, और
(ii) विधि तंत्र, वैधीकरण और सामाजिक परिवर्तन।

10·16. **क्षेत्रीय विचारगोष्ठियाँ** : इस वर्ष के दौरान परिषद ने राज्य स्तर पर दो विचारगोष्ठियों को संगठित किया, इनका विवरण निम्न प्रकार है :

(1) **सामाजिक विज्ञानों और मैसूर के विकास पर विचार-**

गोष्ठी :—इस विचारगोष्ठी का आयोजन सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन संस्थान, बंगलौर के जरिए 15 सितम्बर से 17 सितम्बर 1972 तक बंगलौर में किया गया था। इसमें सामाजिक वैज्ञानिकों और प्रशासकों ने बहुत ही उपयोगी परिचर्चा में भाग लिया। इसमें संदेह नहीं कि इससे भविष्य में राज्य को और सामाजिक विज्ञान अनुसंधान को बहुत अधिक लाभ होगा।

